फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 44, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 12 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## लैंड फॉर जॉब्स केस में अब तेजस्वी को सीबीआई का समन, ईडी को 1 करोड़ कैश मिले

# लालू परिवार 600 करोड़ के घोटाले में फंसा





**पटनाः नौकरी** के बदले जमीन केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि यह 600 करोड़ का घोटाला है। जांच में पता चला है कि 350 करोड़ रुपए के प्लॉट और 250 करोड़ रुपए लेनदेन हुए हैं। 24 जगह छापे मारे गए हैं। इनमें एक करोड़ कैश मिले हैं। रेलवे के विभिन्न जोन में ग्रुप डी की भर्ती में 50% कैंडिडेट्स की भर्ती लालू परिवार के चुनावी क्षेत्रों से हुई है। इधर, ईडी की रेड के बाद सीबीआई भी एक्टिव हो गई है। जांच एजेंसी ने शनिवार को बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए समन भेजा और ऑफिस आने के लिए कहा। इससे पहले 4 फरवरी को भेजा गया था।

तेजस्वी की पत्नी की तबीयत खराब होने की वजह से सीबीआई के सामने पेश नहीं होंगे। उन्होंने वक्त मांगा है। ईडी की रेड के बाद उनकी पत्नी को शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती किया गया था। वे गर्भवती हैं। छापे पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम जब साथ आते हैं तो रेड शुरू हो जाती है। 2017 में भी ऐसे ही हुआ था और अब 5 साल बाद भी वही हो रहा है। इधर, बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नीतीश और लालू पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लालू परिवार ने नौकरी के बदले जमीन ली है। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है तो विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। नीतीश कुमार अवसरवादी नेता हैं।

**ईडी ने जानकारी दीः** ईडी ने बताया कि अब तक की गई पीएमएलए जांच से पता चला है कि पटना और इसके आसपास अवैध रूप से लालू परिवार ने जमीनों का अधिग्रहण किया है। ये जमीनें लालू के परिवार ने रेलवे में नौकरी देने के नाम पर ली हैं। जमीन का इस समय रेट 200 करोड़ रुपए है। जमीन देने और लेने वालों की पहचान कर ली गई है।

ईडी ने चौथे पॉइंट में बताया है- दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में डी-1088 चार स्टोरी बंगला है। यह मेसर्स ए-बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर है। इस कंपनी का कंट्रोल तेजस्वी यादव और लालू परिवार के पास है। इसे तेजस्वी यादव अपने आवासीय संपत्ति की तरह यूज करते हैं। इसका बाजार रेट इस समय 150 करोड़ रुपए है, जबकि इसे चार लाख में लिया गया था। ईडी ने पांचवे पॉइंट में बताया कि कैंडिडेंट्स से चार प्लॉट महज 7.50 लाख रुपए में आरजेडी के पूर्व विधायक अबु दोजाना ने खरीदे। इस डील में साढ़े तीन करोड़ का लाभ अबु दोजाना और राबड़ी देवी को हुआ। लालू यादव ने कहा संघ और भाजपा के विरुद्ध मेरी वैचारिक लड़ाई रही है और रहेगी। मैंने कभी भी घुटने नहीं टेके हैं। मेरे परिवार और पार्टी का कोई भी व्यक्ति आपकी राजनीति के सामने झुकेगा नहीं। लालू की बेटी रोहिणी आचार्या ने एऊकी कार्रवाई का वीडियो शेयर कर ट्वीट कर लिखा है, 'सेप्टिक टैंक की खुदाई से गैस मिली। चाय बनाने के लिए मोदी साहब के लिए भर-भर ट्रक लेके गए हैं जमाई।

## किस कानून में लिखा है जहां बच्चे हैं वहां पुलिस नहीं जाएगीः सुशील



**पटना:** राजद सुप्रीमो लालू यादव ने अपने बहू और बेटियों के घर पर बीते कल यानि शुक्रवार को हुई ईडी की रेड को लेकर सोशल मीडिया पर जो कुछ भी लिखा, उसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने तंज कसा है।

सुशील मोदी ने शनिवार को लालू यादव से सवालिया लहजे में कहा है कि किस कानून में लिखा है कि जिस घर में बच्चे होंगे, वहीं पुलिस रेड नहीं करेगी। घर में गर्भवती महिला है, इसका मतलब यह नहीं है कि उसके पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती है। भारत के किसी कानून में ऐसा नहीं लिखा है। सुशील मोदी ने कहा कि यदि इस दौरान उन्हें लगता है कि ईडी ने गलत काम किया तो बिहार में सरकार उनकी है। एक कानून बना दें कि जिस घर में बच्चें हों या गर्भवती महिला हो, वहां पुलिस छापेमारी के लिए नहीं जाएगी। उस घर से किसी को गिरफ्तार नहीं करेगी। सांसद सुशील मोदी ने कहा कि मैंने कहीं नहीं पढ़ा कि ईडी ने तेजस्वी यादव की गर्भवती पत्नी से पूछताछ की है। इसलिए इस तरह के इमोशनल कार्ड खेलने का कोई मतलब नहीं है। उनकी करनी के कारण ही हमारी पार्टी ने उन्हें 2010 में 24 सीटों पर पहुंचा दिया था। लोकसभा में एक सीट नहीं जीत सके। उल्लेखनीय है कि जब दिल्ली में तेजस्वी और लालू के बेटियों के घर में ईडी की छापेमारी चल रही थी।

## ईडी की छापेमारी जिनके यहां हो रही वो जवाब दे रहे हैंः नीतीश



**पटना:** राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को शहीद जुब्बा सहनी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने लालू परिवार पर ईडी की छापेमारी पर कहा कि जिनके ऊपर छापे पर रहे है वे जवाब दे रहे हैं। मैं शुरू से ही इन सभी चीजों से दूर रहा हूं। हमको इस पर क्या कहना है ? इन सब चीजों पर हमने शुरू से लेकर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। कहीं पर कुछ होता है तो उस पर हम कुछ नहीं बोलते हैं। केंद्रीय एजेंसी के दुरुपयोग को लेकर नौ विपक्षी दलों के प्रधानमंत्री को लिखे पत्र पर दस्तखत नहीं करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें कोई इस तरह की बात नहीं है। हम तो इंतजार कर रहे हैं। अलग-अलग पार्टियां अलग-अलग काम करती हैं। इन सब चीजों से हमारा कोई मतलब नहीं है। हम तो रात-दिन काम करते रहते हैं। हमारी सक्रियता को आपलोग देख रहे हैं। सीएम ने कहा कि समाधान यात्रा के दौरान हमने सभी जिलों में जाकर वहां की समस्याओं को लेकर जानकारी ली है। उन समस्याओं के निदान को लेकर हमलोग काम कर रहे हैं। हमलोग काम में व्यस्त हैं। हमारी एक ही इच्छा है कि ज्यादा से ज्यादा दल एकजुट हो जायें। एक बार हमने सभी दलों से बात कर ली है। यदा-कदा लोगों से बातचीत होती रहती है। छोटे-मोटे कामों को लेकर अभी कहीं जाने की जरूरत नहीं है। विपक्षी एकजुटता को लेकर कांग्रेस से अपील करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हमेशा अपील की है। अभी हाल में हुई दो मीटिंग में भी हमने इसको लेकर कहा है। इसको लेकर सीपीआईएमएल की मीटिंग में भी हमने कहा था और इसके बाद सातों पार्टियों की पूर्णिया में हुई मीटिंग में भी हमने कह दिया है। सभी लोग पॉजिटिव बोल रहे हैं । उप मुख्यमंत्री को सीबीआई की तरफ से समन किये जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वो लोग क्या कर रहा है वो ही जाने । यह सब कोई नयी चीज नहीं है। पहले भी समन किया गया था। मेरी समझ से यह कोई खास इश्यू नहीं है। भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी के बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशील कुमार मोदी को तो रोज बोलना ही है। वे रोज-रोज नहीं बोलेंगे तो कैसे होगा ? वे मेरे खिलाफ भी बोलते रहें। इससे हमको कोई मतलब नहीं है। बिहार में सफलतापूर्वक लागू पूर्ण शराबबंदी के अध्ययन के संबंध में छत्तीसगढ़ से आये प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात से संबंधित पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में शराबबंदी का क्या असर है ।

## नई पीढ़ी तक पहुंचाई जाएगी शहीद धन सिंह की स्मृतियां : योगी



मेरठः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बैरकपुर में शहीद मंगल पांडे ने जो चिंगारी सुलगाई थी, उसका सीधा असर मेरठ में दिखाई दिया। मेरठ में शहीद धन सिंह गुर्जर इस क्रांति का नेतृत्व कर रहे थे। रानी लक्ष्मीबाई ने भी अंग्रेजों के खिलाफ हुंकार भरी थी। देश का कोई कोना ऐसा नहीं बचा था, जो आजादी की अलख में अपना योगदान न देता रहा हो। मेरठ दौरे पर पहुंचे उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मेरठ में शनिवार को शहीद कोतवाल धन सिंह गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस प्रशिक्षण विद्यालय का नाम भी शहीद धन सिंह गुर्जर के नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शहीद धन सिंह गुर्जर की स्मृतियों को नई पीढ़ी में स्थानांतरित करने के लिए स्टेट ऑफ आर्ट के रूप में पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरठ का अपना इतिहास रहा है। मेरठ ने इतिहास बनते देखा है और इतिहास बनाते हुए दुनिया के सामने मिसाल कायम की है। योगी ने कहा कि औघड़नाथ मंदिर 1857 की क्रांति का केंद्र बिंदु था। हर घर तिरंगा के माध्यम से देश का हर निवासी आजादी के अमृत महोत्सव में सहभागी बना था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने लोगों को पंच प्रण की याद दिलाई। इसमें विकसित भारत के लिए काम करना, गुलामी के निशानों को समाप्त करना, विरासत का सम्मान करना, एकता और एकात्मकता के लिए कार्य करना और नागरिकों को अपने कर्तव्यों का अहसास होना ही देश को महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का सपना क्रांतिकारियों ने देखा।

## इंफ्लुएंजा पर स्वास्थ्य सचिव ने सभी राज्यों को लिखा पत्र

**नई दिल्लीः एच3एल2, एच1एन1 जैसी बीमारियों** के मामलों को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शनिवार को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिख कर स्थिति पर निगरानी रखने को कहा है।

इसको लेकर शनिवार को नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) की अध्यक्षता में हुई एक समीक्षा बैठक के बाद भूषण ने राज्यों को पत्र लिखकर संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और संगठनों के साथ मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इन्फ्लुएंजा मौसम परिवर्तन के दौरान एक सामान्य घटना है लेकिन वर्तमान स्थिति में मौसम में कई तरह के बदलाव हुए हैं। इसलिए स्वच्छता पर पर्याप्त ध्यान न देना, आस-पास पर्याप्त सुरक्षा के बिना छींकना और खांसना, इन्फ्लुएंजा ए( एडेनोवायरस, एच3एन2, एच1एन1) जैसे वायरल श्वसन रोग जनकों के प्रसार के लिए वातावरण को अनुकूल बनाते हैं। राजेश भूषण ने पत्र में कहा कि जहां पिछले कुछ महीनों में कोरोना मामलों की गति में "काफी कमी" आई है, वहीं कुछ राज्यों में कोरोना परीक्षण सकारात्मकता दर में वृद्धि चिंता का विषय है।

## राज्यसभा में माइक ऑफ नहीं होता, इमरजेंसी में हुआ थाः धनखड़



**मेरठः उप** राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे देश में राष्ट्रवाद की कमी कभी नहीं रही। इस मामले में हमारा डीएनए दुनिया में सबसे मजबूत है। कुछ लोगों ने भारत की प्रतिष्ठा को कुंठित करने की ठान ली है। राज्यसभा में आज तक माइक ऑफ नहीं हुआ है। वे देश के बाहर जाकर कहते हैं कि संसद में माइक बंद कर दिया गया जबकि देश के अंदर इमरजेंसी के समय संकट आया था। उस दौरान माइक भी बंद हुआ था। वह दिन अब कभी नहीं आ सकता। धन सिंह गुर्जर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वालों पर चुप्पी मत साधिये। जनता को इन मामलों में दखल देना होगा। इससे सभी रास्ते पर आएंगे। भारत के पास पांच हजार वर्षों से अधिक की संस्कृति मौजूद है। हमें देश को आगे रखने का संकल्प लेना चाहिए। उत्तर प्रदेश में रहने वाले भाग्यशाली है। भारत का भविष्य 2047 तक उज्ज्वल रहेगा। भारत विश्वगुरु होगा।

भारत दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति होगा। उप राष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के अमृत काल की नींव 2014 में पड़ गई थी। 30 साल के बाद पहली बार देश में बहुत की सरकार बनी और उत्तर प्रदेश में भी बड़ा बदलाव आया। पिछले छह वर्ष में जो सोचा नहीं था, वह मुमकिन हो रहा है। इसलिए इस अमृत काल में मुझे 1857 की क्रांति के नायक की प्रतिमा के अनावरण का सौभाग्य मिला है।

## सीएम शिवराज सिंह ने किए बांके बिहारी के दर्शन

**मथुराः मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिं**ह चौहान मथुरा में गोवर्धन पहुंचे। उन्होंने पत्नी साधना सिंह के साथ परिक्रमा की। करीब 5 किमी. पैदल चलने के बाद उन्होंने 16 किमी. की परिक्रमा ई-रिक्शा से पूरी की। इसके बाद उन्होंने वृंदावन पहुंचकर बांके बिहारी के दर्शन किए।

**शनिवार देर शाम पहुंचे मथुराः** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार की देर शाम मथुरा पहुंचे। आगरा के खेरिया हवाई अड्डे से सड़क मार्ग से मथुरा होते हुए गोवर्धन पहुंचे मुख्यमंत्री की आईजी,डीएम, एसएसपी ने अगुवानी की। इस दौरान गोवर्धन के विधायक मेघ श्याम सिंह ने उनको पटका पहनाकर स्वागत किया।

**गोवर्धन पर्वत पर पूजा की, राधा कुंड के भी दर्शन किएः** गोवर्धन पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत करते आई जी नचिकेता झा ,डीएम पुलकित खरे और एसएसपी शैलेश पांडे

गोवर्धन पहुंचे मुख्यमंत्री कुछ देर एक होटल में रुकने के बाद परिक्रमा के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान काफिले के साथ राधा कुंड पहुंचे। यहां उन्होंने पहले पूजा की इसके बाद पैदल परिक्रमा शुरू की।

### शिवपाल का ट्वीट- 650 रुपए प्रति क्विंटल नाकाफी है श्रीमान!

## बीजेपी सरकार में आलू किसान परेशान : अखिलेश



**आलू खरीदने की तैयारीः** उप्र राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हाफेड) को पहले चरण में 7 जिलों में क्रय केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कोल्ड स्टोरेज संचालकों के साथ

**लखनऊः सपा** प्रमुख अखिलेश यादव ने आलू को लेकर योगी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। आलू किसानों की समस्याओं को मुद्दा बनाते हुए अखिलेश और चाचा शिवपाल ने एक ट्वीट किया है। अखिलेश ने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए सरकार बदलने का दावा किया है। जबकि शिवपाल सिंह ने योगी सरकार पर तंज करते हुए लिखा, 650 रुपए प्रति क्विंटल की दर से आलू खरीदने का फरमानङ्गनाकाफी है श्रीमान!

**पहले चरण में इन सात जिलों में** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर कहा जा रहा है कि आलू के भंडारण में कोई परेशानी न होने पाए। सरकार अब 650 रुपए प्रति क्विंटल की दर से आलू खरीदेगी। पहले चरण में फरुर्खाबाद, कौशांबी, उन्नाव, मैनपुरी, एटा, कासगंज और बरेली यानी सात जिलों में आलू क्रय केंद्र स्थापित कर खरीद शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। आलू के दाम लगातार गिर रहे हैं। इस साल 6.94 लाख हेक्टेयर भू-भाग में आलू की बुआई हुई। 242 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा आलू की पैदावार होने का अनुमान है।

## परंपरागत चिकित्सा पद्धति ने नौ साल में लगाई दुनिया में छलांगः योगी



**मेरठः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज आयुर्वेद का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। परंपरागत चिकित्सा पद्धति ने नौ वर्ष के अंदर दुनिया में लंबी छलांग लगाई है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों- योग, प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी आदि को लेकर आयुष मंत्रालय का गठन किया। मुख्यमंत्री योगी ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में शनिवार से आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों के कारण 21 जून को पूरी दुनिया योग दिवस मना रही है। दुनिया के सभी देशों में प्रत्येक कस्बे, शहर, प्रांत में लोग योग की क्रिया से जुड़ते हैं। आयुर्वेद को पूरी दुनिया के सामने लाने के प्रधानमंत्री के प्रयासों का परिणाम आज हमारे सामने है। प्रदेश में आयुष विश्वविद्यालय का संचालन हो गया है। कोरोना जैसी महामारी में लोगों ने आयुर्वेद के महत्व को समझा है। इसके पहले, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। वहां पर भाजपा नेताओं ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद वहां से दोनों नेता विश्वविद्यालय परिसर में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र प्रेक्षागृह पहुंचे। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय को शुक्रवार को नैक की ए-प्लस प्लस ग्रेडिंग मिलने पर बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। कोरोना काल में दुनिया ने आयुर्वेद का महत्व देखा और समझा। एक एमबीबीएस डॉक्टर को हॉस्पिटल चलाना मुश्किल होता है, लेकिन बीएएमएस डॉक्टर आसानी से अपना क्लीनिक चला सकता है। बीएएमएस डॉक्टर के लिए सरकारी नौकरी भी तैयार है और अगर वह खुद को किसानों के साथ भी एफपीओ के माध्यम से औषधीय पौधों की खेती करवा सकता है। इससे वह किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी योगदान दे सकता है। आयुर्वेद पूरे विश्व में छाने को तैयार है।

## 2024 में भाजपा के अघोषित आपातकाल से देश मुक्त होगाः ललन सिंह

**पटनाः जदयू** के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नौकरी के बदले जमीन मामले में सीबीआई दो बार जांच कर भी साक्ष्य नहीं जुटा पाई लेकिन अगस्त 2022 में जैसे ही भाजपा के हाथ से बिहार की सत्ता गई, उनकी छटपटाहट फिर से शुरू हो गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि 9 अगस्त, 2022 के बाद यकायक से दिव्यशक्ति द्वारा भाजपा के तोतों को साक्ष्य मिलने लग गया और लालू प्रसाद एवं उनके परिजनों के यहां भारी छापेमारी करने लगे लेकिन अफसोस की बात है कि फिर से खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली कहावत ही चरितार्थ हो पाई। उन्होंने लिखा कि साक्ष्य नहीं भी मिलता है तो साक्ष्य दिखाने के लिए भाजपा के ये पालतू तोते कुछ भी कर सकते हैं। गाय का सींग भैंस में और भैंस का सींग गाय में जोड़कर इन संस्थाओं के लोग अपने मालिक को खुश करने की कोशिश में लगे हैं। ललन सिंह ने कहा कि गर्भवती महिला और छोटे-छोटे बच्चों के साथ इस तरह का निर्मम आचरण देश में पहली बार हुआ है। इस तरह का आचरण कर भाजपा ने दिखा दिया है कि वो कितनी निर्दयी और संवेदनहीन है। देश भाजपा नेताओं के इस अनैतिक आचरण को याद रखेगा। उन्होंने लिखा कि आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में देश भाजपा के इस अघोषित आपातकाल से मुक्त होगा।

## खबर संक्षेप

### छह दिनों के बाद गायब बालक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



**मऊआइमा।** छह दिनों से गायब बालक को मऊआइमा पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। जिससे परिजनों में खुशी की लहर दौड गयी। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता डीह निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र फूलचंद्र का 13.वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार 5 मार्च को दोपहर में साइकिल लेकर घर से निकला था। परन्तु कहीं न मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया था। 6 मार्च को सुरेन्द्र सिंह ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। शनिवार को दोपहर में मऊआइमा थाने सब इंस्पेक्टर जमाल अशरफ ,जयराम ,हरि शंकर रावत आदि ब्लाक चौराहे पर देख रेख क्षेत्र में गश्त लगा रहे थे। तभी उनकी निगाह गुलशन कुमार नामक बच्चे पर पडी पूछताछ में उसने बताया कि वह पांच मार्च से घर से साइकिल लेकर निकला था। परन्तु रास्ता भटक गया था। तब से वह इधर उधर होटलों पर सोता और खाता फिर रहा था। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर उन्हें बुला कर सौंप दिया।

# नकाबपोश ने कपड़े की दुकान में ज्वलन शील पदार्थ डालकर लगाई आग

## खोवामंडी, चौक स्थित कपड़े की दुकान में आग से लाखों का हुआ नुकसान, सीसीटीवी में कैद हुआ आग लगाने वाला नकाबपोश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** घंटाघर, खोवा मंडी चौक में स्थित एक कपड़े की दुकान में एक नकाबपोश युवक ने बोतल से केमिकल डालकर आग लगा दी। पूरी घटना देकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गईं। पीड़ित दुकानदार ने मामले की तहरीर व सीसीटीवी की फुटेज पुलिस को दी है। पुलिस कैमरे में दिखे नकाबपोश की तलाश में जुटी है प्रयागराज के मीरापुर, अतरसुइया मोहल्ला निवासी सरदार सुरेंद्र पाल सिंह की खोवा मंडी, चौक में गुरु नानक वस्त्रालय के नाम से कपड़े की दुकान है। होली के त्यौहार की वजह से 07 मार्च की शाम से उनकी दुकान बंद थी। 10 मार्च की भोर में उनके कपड़े की दुकान से अचानक धुआं निकलने लगा। स्थानीय लोगों ने दुकानदार फोन करके दुकान से धुआं निकलने की बात बताई। आनन-फानन में दुकान पर पहुंचे सुरेंद्र व उनके परिजनों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। कारोबारी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि आग से तकरीबन पांच लाख रुपए के कपड़े और फर्नीचर जलकर नष्ट हो गया दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा गया तो एक नकाबपोश युवक पांच लीटर की बोतल में कुछ लेकर आता है। सीढ़ी से उतर कर गुरुनानक वस्त्रालय के शटर के नीचे फेंक देता है। फिर चला जाता है। कुछ देर बाद वह फिर आता है और माचिस की तीली जला कर फेकता है। जिसे बड़ी तेजी से आग की लपटें ऊपर उठती है। जिससे यह स्पष्ट हो गया कि दुकान में आग शॉर्ट सर्किट से नहीं लगी बल्कि किसी ने जानबूझकर लगाई है। मामले ने जांच कर रही पुलिस ने बताया कि पहले शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया गया, लेकिन सीसीटीवी फुटेज में कुछ और दिख रहा है। जांच की जा रही है।

### रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी को जान का खतरा विपक्षियों ने तोडा सी सी कैमरा

#### कमीशनर के यहाँ शिकायतीपत्र देकर लगाई सुरक्षा की गुहार

**मऊआइमा।** रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी को जान का खतरा बना हुआ है। घर पर लगे सीसी कैमरे को बदमाशों ने तोड डाला। कोई सुनवाई न होने पर कमीश्नर के यहां तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम परमान्नदपुर खजुरहा निवासी उदय प्रताप यादव पुत्र स्वर्गीय चन्द्रिका प्रसाद का आरोप है कि वह रेलवे का रिटायर्ड कर्मचारी है। उदय प्रताप का आरोप है कि2018 में उसके उपर कातिना हमले की कोशिश की गयी थी।जिसमें मुकदमा दर्ज किया गया था। उदय प्रताप के अनुसार तत्कालीन थानाध्यक्ष ने उन्हें घर पर सीसी कैमरा लगाने का सुझाव दिया था। सीसी कैमरा लगने के बाद विपक्षी कुछ दिन खामोश रहे। उदय प्रताप का आरोप है कि विगत दिनों विपक्षियों ने उनके घर पर लगे सीसी कैमरे को तोड दिए। फुटेज निकालने पर कतिपय लोगों की फोटो आयी है। जिसकी तहरीर थाने में दी परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। उदय प्रताप ने अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए कमीश्नर को शिकायतीपत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# अनियंत्रित ट्रक दुकानों में घुसी कई दुकाने हुईं क्षतिग्रस्त



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** गिट्टी लदी ट्रक अनियंत्रित होकर कर दो दुकानों में घुस गई। जिससे दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस पहुंच कर मामले को शांत कराया। ट्रक चालक ने क्षतिपूर्ति देकर चला गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसेनगंज जमखुरी मोड पर मन्दिर के नाम से कमरे बने हुए हैं। शनिवार को सुबह प्रयागराज से गिट्टी लाद कर आ रही ट्रक ने मन्दिर के कमरों में अनियंत्रित होकर घुस गई। बाद में पुलिस की मौजूदगी में ट्रक चालक ने क्षतिपूर्ति देकर ट्रक लेकर चला गया।

# वार्षिकोत्सव पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बिखेरे जलवे

अखंड भारत संदेश




वार्षिक उत्सव पर मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे मुन्ने बच्चे।

**सहसों।** बच्चे देश के भविष्य हैं इनको बचपन से ही जिस दिशा में मोड़ेगें उसी दिशा में मुड़ जाते हैं। विद्यार्थी जीवन बड़ा ही बहुमूल्य जीवन होता है। सभी विद्यार्थी बड़ा बनने का सपना देखें इसके लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ कठिन परिश्रम करने की अति आवश्यकता होती है। जिसमें मुख्य भूमिका माता-पिता एवं अभिभावकों की होती है। उक्त बातें विकास इण्टर कॉलेज एवं यूनिक पब्लिक स्कूल कसेरूआ कला के प्रांगण में शनिवार को वार्षिक उत्सव तथा पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर दीनानाथ भास्कर ने अपने संबोधन में कहा शिक्षा वह चाभी है जो सभी दरवाजे खोल सकती है। इसलिए हर विद्यार्थी बचपन से ही कठिन परिश्रम के साथ शिक्षा ग्रहण करें। इसके साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी बढ़-चढ़कर भाग लें। जिसस अपने साथ-साथ माता पिता, गुरुजन, गांव देश व समाज का नाम रोशन हो सके। कार्यक्रम के इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक व सामूहिक गीत, देश भक्ति गीत, फाग गीत एवं अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत गाकर उपस्थित लोगों का मन मोहते हुए तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर दीनानाथ भास्कर सहित अन्य लोगों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अरविंद चतुर्वेदी, आरती तिवारी, जय प्रकाश यादव, अरुण कुमार पांडे सहित 5 शिक्षक बेस्ट अवार्ड से सम्मानित किए गए। इसी प्रकार विद्यालय के उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को भी मेडल व अवार्ड देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य अरविंद चतुर्वेदी ने किया एवं प्रबंधक डॉ जगन्नाथ पाल ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन कर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर चन्द्र प्रकाश शुक्ला, राजकुमार पटेल, तीरथ राज सिंह, प्रवक्ता राजबहादुर बिन्द, राधेश्याम यादव, अमित सिंह, त्रियुगीनारायण द्विवेदी, राजेन्द्र सिंह सहित भारी संख्या में अभिभावक व छात्र-छात्राएं तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### क्षत्रिय कल्याण समिति का होली मिलन समारोह आज

**नैनी।** क्षत्रिय कल्याण समिति जमुनापार के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन 12 मार्च रविवार को मध्यांह 12 बजे से अवंतिका कालोनी स्थित चन्द्रलोक गेस्ट हाउस मे किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के महामंत्री डी के सिंह ने प्रयागराज जनपद के सभी जागरूक क्षत्रिय बन्धुओं से इष्टमित्रों सहित समारोह मे सहभागिता करने की अपील की है। समिति के रविकरन सिंह ने बताया कि समिति के मुख्य संरक्षक पूर्व आईजी सी पी सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि डा० नरेन्द्र कुमार सिंह गौर पूर्व मंत्री उ० प्र० शासन एवं विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन हाईकार्ट के अध्यक्ष अशोक सिंह होगे।

# चिरौड़ा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं में पुरस्कार वितरित करतीं प्रमुख गीता सिंह।

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** क्षेत्र के ग्राम सभा चिरौड़ा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैजिक बस इंडिया द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर फैजल खान की देखरेख में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं की रिले रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें कई महिलाओं ने इस रेस में भाग लिया। इस अवसर पर विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। उन्हें जागरूक करने उनका हौसला बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ अवश्य उठाने की सलाह दी। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर शिव कुमार ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान चिरौड़ा कृष्ण कुमार चौरसिया, ग्राम प्रधान रुदापुर सुनीता देवी, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू सहित भारी संख्या में लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रह।




## भगवान सज्जनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं- हरिप्रपन्नाचार्य महाराज

**प्रतापपुर।** शुक्लपुरा, बरेस्ताकला में मुख्य यजमान भगवतीचरण शुक्ल एवं उषा शुक्ल के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में तीसरे दिन की कथा को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास रामानुजाचार्य हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को वैभव और पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो सच्चे मन से भगवान को याद करता है, भगवान स्वयं प्रकट हो कर उनकी रक्षा करते हैं जैसे भगवान ने प्रहलाद को नरसिंह रूप में प्रकट होकर भयमुक्त किया था। महाराज ने ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, कपिल चरित्र, भगवान बाराह व नरसिंह अवतार का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण भागवत में ही वास करते हैं। जो व्यक्ति भागवत कथा का श्रवण करते हैं उनके पाप, ताप, संताप सब मिट जाते हैं। कथा में स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य का जीवन बड़े भाग्य से मिलता है इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए भगवत भजन में ध्यान लगाना चाहिए इसी में मनुष्य का उद्धार है। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने कथा श्रवण करते हुए आरती प्रसाद ग्रहण किया।

### देशी शराब की दुकान पर युवक ने जाति विशेष को दी गालियां, ग्रामीणों मे आक्रोश

#### खुलेआम गालियां देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, पुलिस ने युवक को किया गिरफ़्तार

**लालापुर।** देशी शराब की दुकान पर युवक ने जाति विशेष को लेकर भद्दी-भद्दी गालियां दी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो को देखते ही ग्रामीण काफी आक्रोशित हो उठे। बता दें कि लालापुर चौराहे पर स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान पर शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे लालबहादुर उर्फ छैला 5 शीशी उधार शराब लेने गया। सेल्समैन सचिन सिंह ने जब उधार देने से मना कर दिया तो ब्राम्हण-ठाकुर जाति विशेष को लेकर माँ बहन की भद्दी भद्दी गालियां देने लगा। सचिन सिंह ने गालीबाज युवक का वीडियो बना लिया और अगले दिन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो को देखते ही ब्राम्हण व ठाकुर समुदाय के लोग काफी आक्रोशित हो उठे। सेल्समैन सचिन सिंह ने लिखित तहरीर थाना प्रभारी लालापुर को दी। जिस पर संज्ञान लेते हुए लालापुर पुलिस ने युवक को तत्काल गिरफ़्तार किया और मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# पहले की सरकारों में खाद के बदले लाठियां बरसाई जाती थी : अरुण सिंह

अखंड भारत संदेश

### नारीबारी में रात्रिकालीन प्रवास के दौरान किसान संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**शंकरगढ़।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार किसान मोर्चा ने शुक्रवार की रात्रि सुरवल साहनी नारीबारी में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारीबारी अशोक सिंह की अध्यक्षता में किसान चौपाल का आयोजन किया।चौपाल में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने किसानों से कहा किसानों की एक-एक समस्याओं का समाधान केन्द्र में मोदी सरकार व राज्य में योगी सरकार कर रही है। खाद-बीज-विजली की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। अरुण सिंह ने किसानों को याद दिलाया कि पहले की सरकारों में खाद के बदले लाठियां बरसाई जाती थी। हफ्तों महीने विजली गायब रहती थी। अब किसानों को सम्मान निधि सीधे खाते में मिल रही। कृषि उपकरणों मे भारी छूट और धान-गेहूं की रिकार्ड खरीद कर किसानों की सरकार आय दुगनी करने के लिए संकल्पित दिखाई देती है। आभार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह ने व्यक्त कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी सुभाष सिंह पटेल, रत्नाकर सिंह पटेल, धर्मराज पाल, सुधाकर सिंह, ग्राम प्रधान संतोष सिंह, बीरेंद्र सिंह, संदीप सिंह, अभिषेक मौर्य, छेदीलाल आदिवासी, कृष्ण कुमार द्विवेदी, जंग प्रताप सिंह, राम सुमेर आदिवासी, लालसाहब सिंह, गिरीश कुमार चतुर्वेदी आदि कार्यकर्ता पदाधिकारियों के साथ स्थानीय किसानो ने तमाम समस्याओं को सुनकर उचित फोरम मे रखकर निदान का आश्वासन दिया।

## न्यूज झरोखा

### नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में बीएड की परीक्षा प्रारंभ



**जंघई।** नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई में पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं की परीक्षा शनिवार से प्रारंभ हो गई।प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्ष प्रोफेसर राजीव मालवीय ने बताया कि हमारे महाविद्यालय में बीएड की परीक्षा का संचालन परीक्षा विभाग द्वारा शत प्रतिशत नकल विहीन कराई जा रही है। किसी भी छात्र, छात्राओं को नकल करने की इजाजत नहीं है जो भी नकल करते हुए पकड़ा जाएगा तत्काल उसको अनुचित साधन का प्रयोग करने का दंड मिलेगा। विभिन्न महाविद्यालयों के आये सेंटर सहित हमारे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को मिलाकर करीब 6 सौ से अधिक छात्र छात्राओं ने शनिवार को बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दिया।परीक्षा में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी पूरी उर्जा से सहयोग में लगे हुए हैं।

### थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई कुल 14 शिकायत 2 निस्तारित, सर्वाधिक मामले राजस्व से सबंधित शेष पुलिस विभाग के



**कोराव।** थाना समाधान दिवस में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई और मात्र दो का निस्तारित हुआ। समाधान दिवस में एसडीएम और तहसील दार कोराव कुल समस्याएं सुनीं। थाना दिवस में 14 मामले आए जिसमें राजस्व विभाग के अधिक मामले थे। तहसीलदार अनिल वर्मा ने समस्याओं को सुना। कुछ मामले पुलिस के थे। प्रभारी तहसील दिवस कोराव ने पुलिस के मामले पुलिस इंस्पेक्टर को तथा राजस्व के मामले लेखपालों को त्वरित निदान करने को निर्देशित किया। प्रभारी ने कहा लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

### नैनी पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 05 देशी नाजायज बम बरामद

**नैनी।** एसीपी करछना अजित सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में गठीत पुलिस टीम द्वारा शनिवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विनोद निषाद उर्फ टइयां पुत्र स्व0 ठाकूर निषाद निवासी अरैल निषाद बस्ती थाना नैनी को नैनी क्षेत्रान्तर्गत शुलटंकेश्वर मंदिर मोड़ बन्धारोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 05 देशी बम बरामद किया गया। गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नैनी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी गिरफ्तारी बरामदगी करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 परमानन्द सिंह यादव चौकी अरैल थाना नैनी मनोज कुमार सिंह दीप कुमार राहुल कुमार थाना नैनी।

## गांव का दर्द : ग्राम पंचायत अल्हवा की सड़कों पर नेताओं की नजर नहीं...

# पुरानी सड़कों की बीस साल से मरम्मत नहीं , नेशनल हाइवे के साथ साथ गांवों की सड़कें भी जरूरी

अखंड भारत संदेश




गरीब श्रमिक जनता ने इस बार अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार सोशल वर्कर को

**रत्यौरा कोराव।** जनपद प्रयागराज दक्षिण आंचल यमुनापार के ब्लॉक कोराव में स्थित ग्राम पंचायत अल्हवा में लोक सभा और विधान सभा तथा विधान परिषद और जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत तक चुन कर भेजने वाले जन प्रतिनिधियों को ग्रामीणों, जनता, मतदाताओं को विकास की किरणों से वंचित रहना उनकी बद किस्मती है। ग्राम पंचायत अल्हवा को भूल चुके ग्राम प्रधानों से ले कर जन प्रतिनिधियों ने विकास कार्य से दूरी बना रखी गई थी। वर्ष 2005 में अजीज अहमद सिद्दीकी उर्फ अच्छे ने जब ग्राम पंचायत प्रधान का पद संभाला तो सांसद,विधायक,एमएलसी,से पैरवी करके अल्हवा बंसीपुर को चमकाया। उसके बाद दस साल तक राजेश जायसवाल और जैराजी देवी पटेल ने क्रमशः पांच पांच साल कार्यभार संभाला,लेकिन बदल चुकी गांव की नवईयत को पटरी पर लाने का कार्य नहीं किया। जिससे आज मुख्य मार्गों आदि की हालत दयनीय है। ग्राम प्रधान बना दिया जिससे ग्राम का सर्वांगीण विकास हो। दर असल शहजादे ग्राम प्रधान ने चुनाव जीतने के बाद जिले के अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों से ताबड़ तोड़ अल्हवा के विकास हेतु पैरवी शुरू कर दी। ग्राम प्रधान ने तो अपने स्तर से कई विकास कार्यों को अंजाम देना शुरू कर दिया किंतु जनप्रतिनिधियों को दिए गए प्रस्तावों पर अभी तक नजरें इनायत नहीं हुई। आदिवासी बस्ती की सड़क को ब्राह्मण बस्ती मुशहरान बस्ती होते हुए जाती है सांसद विधायक को प्रस्ताव मांग पत्र दिए जाने के बावजूद अभी तक काली नहीं हो सकी। अलबत्ता जिला पंचायत अध्यक्ष डाक्टर वी के सिंह जी में 158 मीटर सीसी मार्ग प्रधान के मांग पर दिया जिसका निर्माण होने जा रहा है। पुरानी बनी सड़कें उखड़ उखड़ कर नष्ट और जन लेवा हो गई हैं किंतु प्रधान ने मांग पत्र सासन और नेताओं को दिया आज तक सुना नहीं जा रहा। इतना तक कि अल्हवा को बीडीसी क्षेत्र की सीट ही हटा दी गई। अब अल्हवा बीसीसी क्षेत्र का पद महुली और बंसीपुर ग्राम सभा से जोड़ दिया गया है। किंतु अल्हवा की जनता जिसे जिताया वे बीसीसी मेंबर्स अल्हवा के विकास हेतु आगे नहीं आते। भविष्य में जनता इन बीडीसी मेंबरों को सबक सिखाएगी ।ग्राम सभा अल्हवा की जनता ने इस बार भाजपा विधायक राजमणि कोल को अपने गांव से जिताया। सांसद को भी जिताया और एमएलसी को भी चुने हुए प्रधान बीडीसी मेंबरों में जिताया। किंतु प्रस्तावों के अनुसार अभी तक विकास की एक भी बूंद नहीं टपकी गांव में।

,,मेरे ग्राम पंचायत में पुरानी और नष्ट हो चुकी सड़कों की मरम्मती करण हेतु सासन तथा पीडब्ल्यूडी आदि को पत्र दिया और विधायक एमएलसी सांसद जिला पंचायत अध्यक्ष,जिला पंचायत सदस्य,क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि को दिया किंतु कोई अभी तक कोई विकास नहीं दिए। को भी विकास कर रहा हूं छोटी ग्राम पंचायत में वह अपने ग्राम निधि मनरेगा आदि वित्त से करा रहा हूं। जब नेता लोग ध्यान देंगे तो और भी विकास दिखेगा।

**अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ग्राम प्रधान अल्हवा**

**क्या बोले ग्रामवासी**

ग्राम प्रधान अल्हवा द्वारा विकास के लिए किसी भी आवास लाभार्थी से सुविधा सूल्क नहीं लिया जाता। ईमानदारी से विकास कर रहे हैं। सभी जाति धर्म के लोगों को सम्मान देते हैं।हर साल गरीबों को कंबल और वस्त्र भी वितरित करते हैं और मदद करते हैं। अल्हवा का काया कल्प करने में लगे हैं।,,

**सदस्य ग्राम पंचायत अल्हवा**

आवास में ग्राम सचिव आदि द्वारा मनमानी की गई है। अपात्रों को सुविधा शुल्क ले कर पात्र बनाया गया,मुझ गरीब को आवास पात्रता सूची में होने के बावजूद आवास काट दिया,जांच कार्यवाही की जाए। **संध्या नामदेव पत्नी महेश्वरी प्रसाद अलहवा**

यदि अल्हवा ग्राम की नष्ट हो चुकी सड़कों नहीं मरम्मत कराई गई तो इस गांव के लोग वोट किसी भी पार्टी के नेता को नहीं देंगे।

**अनारकली पत्नी मिश्रीलाल श्रमिक अल्हवा**

## खबर संक्षेप

### जलनिगम की मोटर जल जाने से सेहुंडा में पानी की बढ़ी मुसीबत

**बारा।** विकासखंड जसरा के ग्राम सभा सेहुंडा में हर घर नल,हर घर जल योजना के अंतर्गत नीबी गाँव में बोर से पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से होती रही।पानी की विशाल टंकी ग्राम सभा सेहुंडा में ही बनाई गई है।गाँव में पहले तीन-चार कुएं थे। जब से पानी की आपूर्ति होने लगी, गाँव के सारे कुएं उपेक्षित होते गए।जिसके फलस्वरूप नीबी गाँव स्थित बोर की मोटर जल गई है।जलनिगम के ऑपरेटर राजू कुशवाहा ने बताया कि पानी की आपूर्ति बहाल करने में दो-तीन दिनों तक या फिर और भी समय लग सकता है।ऐसे में सेहुंडा में पानी की भारी समस्या आ रही है।कुओं के आसपास व्यापक स्तर पर गन्दगी फैली हुई है।कुएं के बगल ही गाँव की महिलाएं कूड़ा करकट फेंकती हैं।जिससे कुएं का पानी प्रदूषित हो गया है।ग्रामीणों में महेश प्रसाद त्रिपाठी, विकाश श्रीवास्तव, राजेश विश्वकर्मा, रामायण प्रसाद विश्वकर्मा, मोनू श्रीवास्तव, विनय कुमार श्रीवास्तव, शोभित त्रिपाठी, अखिल त्रिपाठी सहित कई ग्रामीणों ने तहसील एवं जिले के उच्चाधिकारियों से कुओं की सफाई व्यवस्था ठीक कराने की माँग किया है। जिससे कि आने वाले समय में पानी की आपूर्ति बंद होने पर कुओं के पानी का प्रयोग किया जा सके।

# बच्चों से भरी स्कूल वैन अनियंत्रित होकर खाई में पलटी

## वैन में सवार आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल, ड्राइवर गंभीर, स्कूल वैन में दर्जन भर बच्चे थे सवार, 08 को आई चोटें, सभी बच्चे खतरे से बाहर






अखंड भारत संदेश

**फाफामऊ।** फाफामऊ में शनिवार की सुबह घर से बच्चों को स्कूल ले जा रही वैन पलट गई। जिसमें सवार आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। हादसा प्रयागराज के गंगापार इलाके में वाराणसी रोड, फाफामऊ के पास हुआ। स्कूल वैन पलटने के बाद उसमें सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। चीख सुनकर पहुंचे राहगीरों ने पुलिस को सूचना देते हुए वाहन मे फंसे बच्चो और ड्राइवर को निकालकर नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां बच्चों का प्राथमिक उपचार किया गया। हादसे में अनामिका, लकी, ध्रुव, आराध्या, प्रबंधन व प्रभंजन, अनुष्का, अंशिका, आंचल घायल हो गए। सभी बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे है। इस हादसे में वैन का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फाफामऊ के रंगपुरा आरओबी के हुआ हादसा फाफामऊ स्थित सेंट विजन पब्लिक स्कूल की ओर से बच्चों को ले जाने के लिए एक स्कूली वैन लगाई गई है। जिसका ड्राइवर भद्दू है। शनिवार सुबह स्कूल वैन बच्चो को लेकर स्कूल जा रही थी। अचानक फाफामऊ के रंगपुरा रेलवे ओवरब्रिज के पास वैन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे की जानकारी पर क्षेत्र में हड़कम्प मच गया।आनन-फानन में स्थानीय पुलिस, बच्चो के3 अभिभावक व स्कूल का स्टाफ भागते हुए घटना स्थल पर पहुंचा। जहां सभी बच्चो को सुरक्षित देखकर लोगो ने राहत की सांस ली। फाफामऊ पुलिस ने बताया कि हादसे में ड्राइवर को ज्यादा चोटें आई है, अभी वह बेहोश है, होश में आने के बाद दुर्घटना कैसे हुई इसकी जानकारी ली जाएगी।

# रहीमापुर में भेड़ पालक की लापरवाही से सौ भेड़ो की हुई मौत, दो सौ बीमार

अखंड भारत संदेश

## पशुधन विभाग के अपर निदेशक मौके पर पहुंचकर हालात की जानकारी ली, भेड़ पालक का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

**झूंसी।** राहिमापुर में शनिवार को भी दश भेड़ो की मौत हो गई। दर्जन भर की हालत नाजुक बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम उपचार में लगी रही। पशुधन विभाग के अपर निदेशक-2 राजेंद्र प्रसाद राय ने मौके पर पहुच हालात की जानकारी ली। भेड़ पालक का कहना है की समय पर उपचार मिल जाता तो इतनी भेड़ों की मौत नही होती। रहीमापुर में शुक्रवार को पेट में कीड़े की ओवरडोज दवा देने से करीब 80 भेड़ो की मौत हो गई थी 200 बीमार थी। बड़े पैमाने पर हुई भेड़ों की मौत की जानकारी जब जिलाधिकारी को दी गई तब हरकत में आया पशु चिकित्सा विभाग मौके पर पहुच बीमार भेड़ों के उपचार में जुट गया तब तक करीब 80 भेड़ों की मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी पर रविवार को पशु विभाग के अपर निदेशक -2 मौके पर पहुंच भेड़ो के उपचार की जानकारी ली भेड़ पालक आनन्दी व बद्री प्रसाद से पूछताछ की। भेड़ पालक ने बताया कि सूचना के 24 घंटे बाद डॉक्टरों की टीम पहुची तब जाकर भेड़ों का उपचार शुरू हो पाया अगर समय पर भेड़ो का उपचार किया गया होता तो इतनी मौत ना होती।

# माफिया अतीक के दूसरे कुत्ते टाइगर की भी मौत

## भूखे-प्यासे कुत्तों को बचाने के लिए पहुंची एनजीओ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उमेश पाल की हत्या के बाद माफिया अतीक अहमद के परिवार के लोग फरार चल रहे हैं। ऐसे में उसके घर पर पाले गए विदेशी नस्ल के कुत्तों की शामत आ गई है। पुलिस के भय के कारण कोई पड़ोसी या रिश्तेदार कुत्तों को खाना देने की तो बात दूर पानी देने के लिए भी नहीं आ रहा है। कई दिनों से भूख प्यास से व्याकुल अतीक अहमद के कुत्ते काफी दुबले पतले हो गए हैं। हमेश मांस खाने वाले कुत्तों को अब कोई सूखी रोटी तक नहीं पूछ रहा है। यही कारण है कि एक कुत्ते ब्रूनो की मौत हो दिन पहले हो गई थी। शनिवार को उसके दूसरे कुत्ते टाइगर की भी मौत हो गई।अतीक अहमद के परिवार के किए की सजा उसके बेजुबान कुत्तों को मिल रही है। विदेशी नस्ल के यह कुत्ते भूख प्यास के कारण बेदम हो गए हैं। आस पड़ोस का कोई भी व्यक्ति अतीक अहमद के घर के पास भी नहीं फटक रहा है। उसको डर है कि पुलिस उन्हें पकड़ ले जाएगी। इसके चलते कुत्ते और मौत के मुंह में समाने लगे हैं। दो दिन पहले मादा ब्रूनो की मौत हो गई थी। खाना पानी न मिलने से जीवित बचे अन्य कुत्तों की भी हालत नाजुक हो गई है।



### फरार हैं परिवार के सभी लोग

उमेश पाल की हत्या के बाद अतीक के परिवार के सदस्यों के साथ घर की देखभाल करने वाले नौकर भी फरार हो गए हैं। इसके चलते घर में पाले गए विदेशी नस्ल के पांचों की कुत्तों की हालत बिगड़ने लगी थी। ब्रूनो और टाइगर की मौत हो गई है।

शनिवार को टाइगर की भी मौत हो गई। कुत्तों को बचाने के लिए अब नगर निगम और एनजीओ ने तैयारी की है। वह कुत्तों की देखभाल करने के लिए अतीक अहमद के घर पहुंचे हैं।

## मारपीट के बाद फायरिंग कर फैलाई दहशत

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मलावा में दो पक्षो में जम कर लाठी डंडे चले इस दौरान दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की गई। सूचना पर पहुची पुलिस घायलों को उपचार के लिए भेज कुछ लोगो को हिरासत में लिया है। इंस्पेक्टर ने फायरिंग की बात से इंकार किया। मलावा के शाहिद व मोनू पड़ोसी है। शनिवार को दोनों के परिवार आपस में भिड़ गए। इस दौरान मार पीट में जम कर लाठी डंडे चले। आरोप है कि एक पक्ष ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग कर दी। मौके पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गए। पुलिस कंट्रोल रूम की सूचना पर इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह, चौकी इंचार्ज रहिमापुर जितेंद राजपूत भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुचे घायल को उपचार के लिए भेज दो लोगो को हिरासत में लेलिया। बताया जाता है कि फायरिंग करने वाले युवक का एक वीडियो पिस्टल के साथ वारयल हो रहा है। जोकि पुराना बताया जा रहा है।

# आरएसएस परिवार की ओर से मनाया होली मिलन समारोह

अखंड भारत संदेश

## फागुनी एवं सांस्कतिक गीतों पर झूमे कार्यकर्ता



**मांडा।** होली के पर्व भाईचारे एवं सौहार्द का प्रतीक है। यह हमें सामाजिक समरसता का संदेश देता है। छुआछूत एवं ऊंचनीच के भेदभाव से हमें आगे बढ़कर समाज को समरस बनाने में मददगार बनाता है। उक्त बातें जिला संघ चालक सुरेंद्र नारायण ने कोरांव बाजार के इंद्रप्रस्थ गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यमुनापार ,प्रयागराज द्वारा आयोजित फागुनोत्सव एवं होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कही। जिला संघ चालक सरेंद्र नारायण ने भारी संख्या में उपस्थित विचार परिवार के कार्यकताओ व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली मिलन समारोह के जरिए सभी लोग संकल्प लें कि देश के अंदर जो समाज को बांटने एवं विखंडित करने की साजिश चल रही है। इसके विपरीत हम सभी एकजुट होकर समाज में सामाजिक समरसता एवं सौहार्द का माहौल कायम करेंगे। होली मिलन समारोह में अबीर गुलाल से सभी लोग सराबोर दिखे। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली पर्व की बधाई दी। वही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह महेंद्र जी ने कहा कि भारत उत्सवों का देश है। हम उत्सव तो मनाते हैं लेकिन उसका मूल भाव भूल जाते हैं। होली का त्यौहार यह संदेश देता की जब संपूर्ण समाज एक होगा तब भारत एक होगा। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। और कार्यक्रम में फागुनी व सांस्कृतिक गीतों पर सभी झूमते नजर आये। इस बीच जिला प्रचारक आलोक जी ने कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया सह जिला कार्यवाह अभिषेक जी, शिवेंद्र जी, प्रभाशंकर जी, पूर्व विधायक नवाब गंज,राजेश्वरी जी, अजीतप्रताप जी, विक्रमादित्य जी, विजय शंकर जी, अरुण कुमार जी, मुकेश जी, संतरा देवी, भोला पटेल जी, सुधाकर जी, नरसिंह जी, ओम प्रकाश जी, अनूप जी, भगवान दास जी ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं भारी संख्या में विचार परिवार के कार्यकता व समाज के लोग उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की 3.19 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की हो रही तैयारी

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित हुई हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा चार मार्च को संपन्न हो चुकी है। अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी तेज हो गई है। मूल्यांकन के लिए प्रदेश भर में 258 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि हाईस्कूल और इंटर की 3.19 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है। मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू हो जाएगा। प्रयास होगा कि निर्धारित समय के पहले ही परीक्षा परिणाम भी घोषित हो जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कापियों का मूल्यांकन पूरी पारदर्शिता के साथ कराई जाए।

**मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों को देंगे ट्रेनिंग :** सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि कापियों के मूल्यांकन में किसी तरह की गड़बड़ी न होने पाए इसके लिए पहली बार मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों और उप प्रधान परीक्षकों को क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ में 12 मार्च, बरेली में 13 मार्च, गोरखपुर में 14 मार्च, प्रयागराज में 15 मार्च और वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय में 16 मार्च को प्रशिक्षण दिलाया जाना है।

**30 साल बाद नहीं लीक हुआ पेपर :** पूर्व के वर्षों में प्रश्नपत्रों के गलत खुलने की घटनाएं बहुत होती रही हैं लेकिन इस बार एक जगह भी ऐसा नहीं हुआ। कहीं से भी पेपर लीक होने की सूचना नहीं मिली। ऐसा बोर्ड की प्रश्नपत्र की फूलप्रूफ व्यवस्था की वजह से हुआ है। ऐसे में पुर्नपरीक्षा भी कहीं नहीं हो रही है। 133 छद्म परीक्षार्थियों को भी पकड़ा गया है। सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 58,85,745 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इस बार परीक्षा को लेकर यूपी बोर्ड की नई रणनीति कामयाब रही है।

## युवक की गर्दन पर चाकू से हमला, घायल

**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र में हरदिहा गांव स्थित नहर की पुलिया पर बैठे युवक की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पीड़ित के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मेजा तहसील क्षेत्र के हरदिहा गांव निवासी विजय शंकर पुत्र हजारी के पड़ोसी गांव हरगढ़ के आनंद कुमार पुत्र शंकर सिंह से जमीनी विवाद चल रहा है। वहीं शाम को विजय शंकर गांव स्थित नहर की पुलिया पर बैठे थे। इस दौरान हरगढ़ गांव के वीर बहादुर, अभय कुमार व लाल प्रताप के उसकाने पर आनंद कुमार ने विजय पर चाकू से हमला कर दिया। शोरगुल करते हुए विजय जान बचाकर इधर उधर भागने लगा। लोगों को आता देख आरोपी भाग निकला। वहीं घटना को लेकर स्थानीय लोगो की भारी भीड़ जुट गई। लोगों सहित इलाके में दहशत फैल गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को लहूलुहान हालात में तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन युवक की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# गीत संगीत बाहर कार्यक्रम के आयोजन में नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने बिखेरा जलवा

अखंड भारत संदेश

## तहसील स्तरीय दो दिवसीय गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन प्रारम्भ




**मेजा।** क्षेत्र के पकरी सेवार स्थित जेपी सुपर मार्केट में दो दिवसीय गीत संगीत व नन्हे मुन्ने प्रतिभावान कलाकारों की प्रतिभा का साझा मंच के माध्यम से प्रतियोगिता का आयोजन प्रारम्भ किया गया। जानकारी के लिए आपको बता दें कि यह कार्यक्रम दिनांक 11 मार्च दिन शनिवार को सुबह 10बजे से शाम 6 बजे तक किया गया। गीत संगीत बहार नामक साझा मंच के माध्यम से उभरती प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुति कर खूब तालिका बटोरी। यह आयोजन सर्व जन हितकारी व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश द्वारा किया जा रहा है। गीत संगीत बहार कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकार भजन, कव्वाली,नाटक,नृत्य का भरपूर आयोजन का नन्हे-मुन्ने कलाकारों के लोगों ने जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया। आपको बता दें कि पहले दिन के आयोजन में जेपी सुपरमार्केट के आयोजन में लोगों की भारी भीड़ रही। मुख्य अतिथि के रूप में श्यामा कांत लहरी भैया का हिंदुस्तान के वरिष्ठ संवाददाता ने माल्यार्पण कर स्वागत किया वही साथ में उपस्थित समाजसेवी महीप सिंह का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा या मेल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक दुर्गा प्रसाद गुप्ता का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया । इस आयोजन में उपस्थित कृष्ण कुमार मिश्र पयासी जी छात्र नेता अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार नीरज मिश्रा, दीनदयाल द्विवेदी, उमेश सोनी, कैलाश विश्वकर्मा, अखिलेश यादव, सतीश चंद्र, गोपाल जी, धनंजय प्रजापति, अरुण कुमार तिवारी, हिमांशु तिवारी, वैभव यादव, के न्यूज संवाददाता राहुल मिश्रा सहित पत्रकार मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार को रौंदा, घायल



**मेजा रोड।** मेजा थाना मेजा रोड चौकी अंतर्गत के राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर तेज रफ्तार अनियंत्रित डंफर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को हॉस्पिटल भेजा गया। सचिन श्रीवास्तव पुत्र संजय श्रीवास्तव निवासी शिवंशराय का पुरा रामनगर जो दवा कंपनी में एमआर का काम करते हैं बाइक से प्रयागराज जा रहा थे जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के बलुहा गांव के समीप पहुंचे थे सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात डंपर गाड़ी ने से बाइक जोरदार टक्कर मार दी टक्कर में बाइक सवार का दाहिना हाथ बुरी फैक्रर हो गया। घटना से लोगों में हड़कंप मच गया सूचना पर मेजारोड चौकी प्रभारी राम भवन वर्मा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर बहुत घायल युवक को हॉस्पिटल भिजवाया वही हालत गंभीर होने पर शहर के लिए रेफर कर दिया गया ।टक्कर मारने के बाद डंपर चालक गाड़ी सहित मौके से हुआ फरार ।

### मेजा पुलिस ने दस लोगो का किया चलन



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के दस लोगों को पकड़कर शांतिभंग में चालान किया। बता दें कि शुक्रवार को थाना प्रभारी मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र के नेतृत्व मे चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश कुमार, चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा, दरोगा गौरव यादव ने पुलिस सिपाहियों के साथ थाना क्षेत्र के चौकी, सिरसा (दशमी का बारी), उरुवा, जानकीगंज (डेलौंहा) सहित आदि गांवों से दस लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार कर चालान कर दिया। कोतवाल ने बताया कि उक्त लोगों ने शांतिभंग किया था जिसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

### बारा में होली मिलन समारोह सम्पन्न



**बारा।** शिवम गेस्ट हाउस रिगवां,बारा, प्रयागराज के तत्वाधान में ईश्वर नगर स्थित मालती देवी विद्या मंदिर में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष सुमन्त भार्गव ने कहा कि समरसता के प्रतीक होली पर्व पर आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाये रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। अध्यक्षता कर रहे समिति के संरक्षक संतोष शुक्ल ने क्षेत्रीय लोगों का आभार व्यक्त किया। गुलशन कुमार द्वारा होली गीतों के साथ साथ संगीतमय प्रस्तुति पेश की गई। प्रबंधक सुरेश प्रसाद मिश्र ने सभी को गुलाल व अबीर लगाकर स्वागत किया। विद्यालय के संचालक सत्यम मिश्र ने सभी को पुष्प माला अर्पित कर होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर गया प्रसाद त्रिपाठी, काशी प्रसाद त्रिपाठी, मुकेश उपाध्याय, महेश प्रसाद त्रिपाठी, राकेश कुशवाहा, नईम अहमद, नीरज केसरवानी, माजिद अहमद, सतीश गुप्ता प्रधान छीडी, अनीस अहमद(बाबू), बृजेश शुक्ला, बच्चा जी, मनोज बिन्द, राम बहादुर शुक्ल, राकेश मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता निर्भय शंकर दुबे ने किया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरूवा ग्रामपंचायत रामनगर मे पशु चिकित्सालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह यादव ने गौ पूजन कर एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें क्षेत्र से आए हुए पशुपालकों को निशुल्क दवाएं दी गई। और पशुओं की जांच की गई साथ ही साथ सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आरपी सिंह एवं संचालन पूर्व प्रधान कुंवर पट्टी दिनकर मिश्रा ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रधानप्रतिनिधि नीरज सिंह यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत रामनगर में पशु चिकित्सालय होने की वजह से ग्राम पंचायत रामनगर के पशुपालकों के साथ साथ क्षेत्र के समस्त पशुपालकों को प्रत्येक प्रकार की सुविधा उपलब्ध रहती है। साथ ही साथ यह भी कहा कि हम सभी को अपने नौनिहाल बच्चों को मुख्य रूप से गाय का दूध ही देना चाहिए जिससे उनकी बुद्धि और बल प्रखर हो। गाय बहुत ही गुणकारी पशु है और हम सभी के लिए पूज्य हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पशु चिकित्सा अधिकारी शुकुलपुर प्रदीप कुमार पशुधन प्रसार अधिकारी राकेश यादव माला मिश्रा सूरज बाबू भारतीया ओम प्रकाश मिश्रा देवानंद मिश्रा लवकुश भारतीया इंद्र देव तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रयागराज के एसआरएन समेत सभी अस्पतालों में पहुंच रहे खांसी और बुखार के मरीज

**प्रयागराज।** देश में इन्फलुएंजा से हुई दो मौत के बाद प्रयागराज में भी खतरा बढ़ गया है। शासन के आदेश के बाद यहां के सभी बड़े सरकारी अस्पताल अलर्ट मोड में कर दिए गए हैं। हालांकि यहां अभी इन्फ्लुएंजा का कोई मामला नहीं सामने आया है लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर अस्पतालों में वार्ड आदि आरक्षित किए जा रहे हैं। बीते एक सप्ताह की बात करें तो शहर के सबसे बड़े स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल, मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल (काल्विन), तेज बहादुर सप्रू हास्पिटल (बेली) व सरोजनी नायडू चिल्ड्रन हास्पिटल की ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसमें ज्यादा सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या 50% से ज्यादा है। खास बात यह है कि इन्फ्लुएंजा की जांच के लिए प्रयागराज के सरकारी अस्पतालों में कोई जांच किट भी नहीं है। ऐसे में यदि कोई इन्फ्लुएंजा के लक्षण वाले मरीज अस्पताल में आ भी गए तो उनकी जांच करना संभव नहीं होगा। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय ने बताया कि इन्फ्लुएंजा वायरल का वैरिएंट तेजी से बदलता रहता है। यही कारण है कि जांच के लिए भी अभी कोई किट नहीं निर्धारित नहीं किया गया है। यदि इन्फ्लुएंजा के केस मिलते हैं तो जांच की व्यवस्था शुरू की जाएगी।

# जिला क्षय रोग अधिकारी ने सीएचसी मेजा का किया निरीक्षण

**मेजा रोड।** जिला क्षय रोग अधिकारी डा. ए के तिवारी ने सीएचसी मेजा का निरीक्षण कर संबंधित व्यवस्थाओं को बारीकी से निरीक्षण किया ।उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चिकित्सालय में एकीकृत निश्चय दिवस पर क्षय रोग की गतिविधियों के साथ कुष्ठ, फाइलेरिय और कालाजार उन्मूलन गतिविधियों पर जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर टीबी, फाइलेरिया और कुष्ठ के मरीज चिन्हित कर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लाया गया। सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ द्वारा मरीज की प्रारंभिक जांच की गई। साथ ही बलगम का नमूना भी लिया गया । जिसमें बलगम के 7 और एक्सरे के 5 मरीजों से जिला क्षय अधिकारी ने बातचीत कर जानकारी हासिल की। बलगम का नमूना लेकर टीबी जांच केंद्र पर भेजा गया। शासन की ओर से हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निश्चय दिवस मनाया जाना तय हुआ है। उन्होएंकहा कि टीबी मुक्त बनाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग हर स्तर पर प्रयासरत है टीबी के प्रति जागरूकता लाने में सामाजिक संगठन भी जुटे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी लोगों में जागरूकता की कमी है। यदि टीबी की पहचान शुरूआती दौर में ही हो जाए तो मरीज छह महीने इलाज कराने पर इससे मुक्त हो जाता है। टीबी की बीमारी का इलाज अधूरा छोड़ने पर यह गंभीर रूप ले लेता है, फिर यह मल्टीड्रग रेजिस्टेंस टीबी के रूप में सामने आती है जो गंभीर होती है। टीबी के मरीज ड्रग रेजिस्टेंट न हों इसके लिए विभाग की ओर से मरीजों का नियमित फॉलोअप किया जाता है। उन्होंने मरीजों के पौष्टिक आहार को और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए ।इस मौके पर डा. बब्लू सोनकर, डा.समीम अख्तर,एलटी दीपू त्रिपाठी,एलटी राजकुमार पाल और बीसीपीएम सुमन कुशवाहा मौजूद रहीं।

## अगई में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में जुटेंगे देश के नामचीन कवि

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के अगई स्थित रामनगर के राममूर्ति मिश्र इण्टर कालेज में संस्कृत विद्वान आचार्य रमाशंकर मिश्र की स्मृति में आज रविवार को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। साहित्यकार हरिबहादुर सिंह हर्ष के संयोजन में प्रातः दस बजे से आयोजित कवि सम्मेलन मे प्रयागराज के अखिलेश द्विवेदी, दिल्ली के भुवनेश सिंघल, रीवां की सरला मिश्रा तथा अहमदाबाद से मनु कुमार व कानपुर के डा. अंजना कुमार के साथ लखनऊ से हेमा पाण्डेय जैसे नामचीन कवि जुटेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि डा. श्लेष गौतम, मुख्य अतिथि तथा पूर्व कुलपति डा. कामता प्रसाद त्रिपाठी पीयूष विशिष्ट अतिथि होंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक व विद्यालय के प्रबंधक विजय शंकर मिश्र तथा प्रधानाचार्य द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दी है।

# लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में लाएं तेजीः जिलाधिकारी

### डीएम ने राजस्व प्रशासन एवं कर-करेत्तर राजस्व संग्रह की किया समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



कर करेत्तर की बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में राजस्व प्रशासन एवं कर-करेत्तर राजस्व संग्रह की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान विद्युत देय, खनन, वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन विभाग, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन की राजस्व वसूली की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में तेजी लाये, लापरवाही कदापि न बरती जाए।

इसी प्रकार उन्होने वन विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, मण्डी, बाट-माप सहित अन्य विभागों की समीक्षा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। चकबन्दी विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चकबन्दी प्रक्रिया जिन गांवों में चल रही है उसे नियमानुसार शीघ्र पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एव नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली में तेजी लायी जाये अन्यथा की दशा में कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने कोर्ट में लम्बित राजस्व मुकदमों की समीक्षा करते हुये समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि अपने कोर्ट पर नियमित सुनवाई करें और 5 वर्ष से अधिक लम्बित राजस्व वादों को सूचीबद्ध करते हुये प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, राजस्व वादों के मुकदमों के निस्तारण में लापरवाही/शिथिलता बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि राजस्व वादों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसलिये सम्बन्धित अधिकारीगण अपने दायित्वों का शत प्रतिशत निर्वहन करें। बैठक में बताया गया कि 18 मार्च से 22 मार्च तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। 23 मार्च से 31 मार्च तक दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें पूरक सूची-1 में समाहित किया जायेगा। 01 अप्रैल को अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिये प्रकाशन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा सहित समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं के चुनाव की बढ़ी सरगर्मी

### चौरासी सदस्यता प्रार्थना पत्रों मे चालीस हुए निरस्त

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में चुनाव समिति ने कुल मिले चैरासी सदस्यता के नए आवेदन प्रार्थना पत्रों में चैवालिस प्रार्थना पत्र स्वीकृत किये गये। वहीं चालीस प्रार्थना पत्र मानक के विपरीत होने के कारण निरस्त कर दिये गये। मतदाता सूची मे चुनाव समिति द्वारा 2022 के आवेदनों पर विचार नही किये जाने का भी सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया। चुनाव समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह की अध्यक्षता मे हुई बैठक में मतदाता सूची के लिए मिले आवेदन पत्रो की घंटो स्क्रीनिंग के बाद यह निर्णय लिया गया कि तहसील एवं दीवानी मे यहां नियमित वकालत करने वाले अधिवक्ता ही मतदाता सूची मे शामिल किये जा सकेंगे। बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए समिति के प्रेस प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि समयावधि बीत जाने को लेकर अब कोई भी प्रार्थना पत्र मतदाता सूची के लिए स्वीकार नही किया जाएगा। उन्होने बताया कि तहसील के लाइब्रेरी भवन मे ही नामांकन तथा मतदान की प्रक्रिया इस वर्ष भी सम्पन्न करायी जाएगी। बैठक मे वीरेन्द्र सिंह अगई, राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, विकास मिश्र, अजय शुक्ल गुड्डू, वीरेन्द्र सिंह, रामलगन यादव, टीपी यादव आदि मौजूद रहे। इधर संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर शनिवार को अवकाश के बावजूद तहसील मे चुनावी सरगर्मी सिर चढ़कर बोलती दिखी। संभावित उम्मीदवारो के द्वारा समर्थको के साथ बैठको के जरिए चुनावी रणनीति पर मशक्कत भी जारी देखा गया।

# दिवंगत कृपा शंकर ओझा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे अपना दल एस के प्रदेष अध्यक्ष

### सपा के महासचिव शिवपाल यादव ने फोन से जताई संवेदना

**अखंड भारत संदेश**



दिवंगत कृपा शंकर ओझा के आवास पर शोक जताते पूर्व विधायक राजकुमार पाल।

**प्रतापगढ़।** लोकरक्षक सेनानी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कृपा शंकर ओझा के निधन पर नेताओं का उनके आवास पर आने का क्रम लगा हुआ है आज अपना दल के प्रदेष अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजकुमार पाल ने उनके आवास पर पहुंचकर कृपा शंकर ओझा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

प्रदेष अध्यक्ष ने दिवंगत कृपा शंकर ओझा के पुत्र मुक्त कुमार ओझा (मुक्कू ओझा) से उनके स्वास्थ्य बिगड़ने के बारे में पूछा और कहा कि समाजवादी विचारधारा के पुरोधा के जाने से समाज को क्षति हुई है। प्रदेष अध्यक्ष राजकुमार पाल के अलावा गुड्डन सिंह, पूर्व प्रमुख सदर दिनेष सिंह तथा प्रेस क्लब अध्यक्ष आदित्य मिश्र ने भी मुक्कू ओझा के आवास पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इसके पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव षिवपाल यादव ने मोबाइल से मुक्कू ओझा से बात कर अपनी संवेदना जताई। षिवपाल यादव के नजदीकी तथा जूबाए के पूर्व अध्यक्ष विनोद पाण्डेय ने मुक्कू ओझा के आवास पर पहुंचकर कृपा शंकर ओझा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# खेल हमारे जीवन की आवश्यकताः अब्दुल माजिद

### क्रिकेट टूनामेंट में प्रतापगढ़ स्पोर्टिंग क्लब रही विजेता

**अखंड भारत संदेश**



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते पूर्व चेयरमैन अब्दुल माजिद।

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज में हो रहे के.एम.जी नाईट क्रिकेट टूनामेंट में मुख्य अतिथि सिटी के पूर्व चेयरमैन अब्दुल माजिद नब्बन नेता रहे। पूर्व चेयरमैन अब्दुल माजिद नब्बन नेता ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में खेलों को उतनी प्राथमिकता नहीं मिलती, जितनी शिक्षा को दी जाती है। जिस तरह दिमाग का सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते, लेकिन खेल से यह संभव है। विशिष्ट अतिथि इंजी० अनीस अहमद, अति विशिष्ट अतिथि हकीम तौसीफ अख्तर प्रोग्राम की अध्यक्षता कर रहे हैं पूर्व सभासद अब्दुल हकीम अंसारी ने सभी मेहमानों का माला पहना कर स्वागत किया गया। यह मैच प्रतापगढ़ स्पोर्टिंग क्लब और जिया स्पोर्टिंग क्लब के बीच हुआ इसमें प्रतापगढ़ स्पोर्टिंग क्लब विजेता रही जिया स्पोर्टिंग क्लब उप विजेता रही।

प्रतापगढ़ स्पोर्टिंग क्लब 6 ओवर में 3 विकेट खोकर 49 रन बनाए जिया स्पोर्टिंग क्लब 25 रन बनाकर आउट हो गई। स्पोर्टिंग क्लब प्रथम बैटमैन राकेश ने 14 रन बनाए पवन ने 12 रन बनाए रेहान ने 6 रन बनाए सूरज ने 5 रन बनाए। मुकेश ने 2 विकेट लिया। फरहान एक विकेट व रेहान 2 विकेट लिये। जिया स्पोर्टिंग क्लब के हसीब ने 14 रन बनाए अमर 3 रन बनाए। फैजान 3 रन जियाउल 2 रान जियो स्पोर्टिंग क्लब के आदिल 1 विकेट लिया। इस मौके पर हाजी अंसार अहमद इंजी०, हिफ्जुर्रह्मान, हाजी हकीम मो० असलम, मो० साजिद सभासद, तबारक हुसैन सभासद, हकीम मो० सादान सभासद, बदरुज्जमा, समाजवादी प्रदेश सचिव सद्दाम अहमद, माजिद आदि मौजूद रहे।

## इसरार के मंडल मंत्री बनने से रेल कर्मियों में खुशी की लहर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रखहा गांव के रहने वाले इसरार खान को नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन (एनआरएमयू) भुसावाल का मंडल मंत्री बनने पर प्रतापगढ़ शाखा के नेताओं ने खुशी का इजहार किया है। शाखा दफ्तर पर कर्मचारी और नेताओं ने बैठक कर खुशी जताई है। अध्यक्ष मोहम्मद शफीक ने कहा कि इसरार कर्मठ और कर्मचारी हित के लिए तत्पर रहने वाले नेता हैं। मंत्री अनिल शुक्ला ने कहा कि इसरार भुसावल में बिजली विभाग में तैनात है। उनकी छवि एक ईमानदार कर्मचारी की हैं। उनको भुसावल मंडल का मंत्री बनाए जाने से लोगों में खुशी की लहर है। बैठक में मोहम्मद अनीश, वीके तिवारी, अजय आनंद, विनय मिश्रा समेत कई नेता और कर्मचारी मौजूद थे।

# राष्ट्र के मान सम्मान को वीर सपूत सदैव देते रहेंगे प्रेरणा भरी शक्तिः प्रमोद तिवारी

### महाराणा प्रताप व बाबू सिंह की प्रतिमा का विधायक व सांसद ने किया अनावरण

**अखंड भारत संदेश**



महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करते सांसद प्रमोद व विधायक मोना।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शनिवार को सांगीपुर क्षेत्र के मुरैनी गांव मे महाराणा प्रताप एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बाबू सिंह की प्रतिमा का समारोहपूर्वक अनावरण किया। समारोह के दौरान विधायक मोना द्वारा मुरैनी गांव मे इण्टरलाकिंग व पक्की नाली की भी आधारशिला रखते हुए गांव के लोगों को सौगात भी सौपी।

समारोह को बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराणा प्रताप का सम्पूर्ण जीवन वीरतापूर्ण राष्ट्रीय मान व स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में देश को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होने कहा कि महाराणा प्रताप के शौर्य व साहस का लोहा आज दुनिया इसलिए मान रही है कि उन्होने देश के प्रति समर्पण की भावना का वीरतापूर्ण अदभुत इतिहास रचा। वही श्री तिवारी ने मुरैनी के भुसूपुर मे जन्मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू सिंह की भी आजादी के आंदोलन मे निभायी गयी अदम्य साहस भरी भूमिका को रामपुर खास के राष्ट्र की स्वतंत्रता के इतिहास मे गौरवशाली थाती ठहराया। श्री तिवारी ने कहा कि आजादी के आंदोलन मे इन्हीं महान सेनानियो की प्रेरणा का प्रतिफल है कि आज रामपुर खास विकास तथा स्वाभिमान के क्षेत्र मे एक से बढकर एक गौरवशाली स्वर्णिम अध्याय अंकित करा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि महाराणा प्रताप और बाबू सिंह जैसे महान योद्धाओं की बदौलत भारत की आजादी की चमक आज भी दुनिया मे लोकतंत्र की प्रेरणा बनी हुई है। उन्होने स्वतंत्रता सेनानी बाबू सिंह की स्मृति मे मुरैनी मे अपनी ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू सिंह स्मृति द्वार बनवाए जाने की भी घोषणा की। विधायक की इस घोषणा पर कार्यक्रम मे मौजूद हजारो लोगों की तालियों की गडगडाहट भी गूंज उठी। वहीं विधायक मोना ने सांसद प्रमोद तिवारी के साथ गांव मे क्षेत्र पंचायत की तरफ से स्वीकृत हुए इण्टरलाकिंग तथा पक्की नाली की भी आधारशिला रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रामदेव सिंह व संचालन अर्जुन सिंह ने किया। संयोजक एवं ग्राम प्रधान शिव बहादुर सिंह नीरज ने ग्रामीण विकास की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। आयोजक विजय बहादुर सिंह राठौर ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, सूर्यभान सिंह, यज्ञ नारायण सिंह, अशोकधर दुबे, राजेश सिंह, रोहित सिंह, राजू मिश्र, रामबोध शुक्ल, हगपाल यादव, सुधाकर पाण्डेय, डा. अमिताभ शुक्ल, रामकृपाल पासी आदि रहे।

## शहर में सफाई व एंटी लार्वा का नियमित हो रहा छिड़काव

### अधिशाषी अधिकारी ने सफाई के साथ मतदाता पुनरीक्षण का भी देखा कार्य

**अखंड भारत संदेश**



मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण करते ईओ राम अचल कुरील।

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका शहर को साफ-सुथरा रखने तथा मच्छरों का प्रकोप कम करने के लिये नियमित रुप से सफाई व एंटी लार्वा का छिड़काव कर रही है। शनिवार को शहर के सिनेमा रोड पर नाला क्लीनिंग मशीन से सफाई की जा रही थी तो महुली वार्ड में नाला गैंग लगाया गया था।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पूरे शहर में नियमित रुप से एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है जिससे मच्छरों का प्रभाव कम किया जा सके। सफाई निरीक्षक ने यह भी बताया कि रोज प्रातः छह बजे से दस बजे के बीच शहर में हो रही सफाई कार्य का जायजा लेने के लिये अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील स्वयं निकलते हैं। आज शनिवार को अधिषाषी अधिकारी ने सफाई के अलावा स्कूलों में शुरू हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का भी निरीक्षण किया। अधिषाषी अधिकारी के इस निरीक्षण में सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के अलावा सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह भी मौजूद रहे।

## होली मिलन समारोह का लेकर हुई बैठक



होली मिलन समारोह की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष श्यामजी जायसवाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जायसवाल समाज की बैठक बाबागंज स्थित अटल पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता श्यामजी जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्यामजी जायसवाल ने बताया कि इस बार होली मिलन समारोह 19 मार्च को रविवार को चिलबिला पट्टी मार्ग स्थित प्रेम बंधन पैलेस में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा बच्चो की शिक्षा पर व शादी विवाह से संबंधित परिचय सम्मेलन होगा। इस अवसर पर महामंत्री विजय जायसवाल, जिलामंत्री रवींद्र जायसवाल, सुनील जायसवाल, ज्योति जायसवाल, नीतू जायसवाल, रोहित जायसवाल आदि मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी आदर्श जायसवाल ने दी।

# ट्रक छिनैती की सूचना पर हलाकान हुई पुलिस, सीजर कार्रवाई पर भड़के सीओ

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** स्थानीय पुलिस को बिना सूचना दिये वाहन कंपनी के सीजर द्वारा ट्रक जबरिया यार्ड मे उठा ले जाने को लेकर शुक्रवार की रात पुलिस हलाकान हो उठी। शनिवार को पुलिस ने कंपनी के कर्मचारियों को तलब कर इस प्रकार की सीजर कार्रवाई को लेकर जमकर फटकार लगायी।

शुक्रवार को पडोसी जिले अमेठी के संग्रामपुर थाना के गोरखापुर निवासी हरीओम वर्मा का ट्रक लेकर चालक रामअभिलाष वर्मा भरतपुर चित्रकूट गिटटी लादने के लिए निकला। देर शाम लालगंज कोतवाली के रायपुर तियाई के पास एक बोलेरो वाहन से कुछ लोग उतरे और ट्रक को रूकवा लिया। पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बोलेरो सवार लोगों ने कंपनी का सीजर बताकर चालक के साथ गालीगलौज करते हुए जबरिया ट्रक ले उड़े। चालक ने वाहन स्वामी को सूचना दी। इस बीच ट्रक के नेशनल हाइवे से लूट की सूचना वायरल होने पर पुलिस हलाकान हो उठी। सीओ रामसूरत सोनकर के साथ लालगंज कोतवाली पुलिस ने बैरियरो पर रात भर चेंकिग व तलाशी अभियान चलाया।

देर रात बोलेरो नंबर के आधार पर आरोपियो की पहचान हुई तो मामला ट्रक के कंपनी द्वारा बकाये के नाम पर गौरीगंज यार्ड में खड़े होने की पुलिस को सूचना मिली। तब जाकर पुलिस को राहत मिल सकी। इधर वाहन स्वामी हरीओम का कहना है कि उसका कंपनी से कोई बकाया नही है। विवाद को लेकर उपभोक्ता फोरम मे वाद दायर किया गया है। शनिवार को सीओ ने कंपनी के कर्मचारियो को तलब कर बिना स्थानीय पुलिस को सूचित किये ट्रक को नेशनल हाइवे से उठा ले जाने पर जमकर फटकार लगायी। कार्यकारी प्रभारी राजेश कुमार का कहना है कि ट्रक यार्ड मे ले जाने को लेकर वाहन स्वामी के द्वारा तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## समाधान दिवस मे एसडीएम व सीओ ने सुनीं शिकायतें, एक का निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में यहां कोतवाली में चार शिकायतो मे अफसरो ने एक का मौके पर निस्तारण कराया। समाधान दिवस मे एसडीएम उदयभान सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने शिकायतो की सुनवाई की। एसडीएम ने समाधान दिवस मे मौजूद लेखपालों तथा राजस्व निरीक्षको को भूमि सम्बन्धी विवादो को मौके पर स्वयं की मौजूदगी में निस्तारण कराने के कडे निर्देश दिये। वहीं एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपालो को फरियादियो द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्रो पर कार्रवाई का अपडेट हर हाल मे सुनिश्चित रखे जाने के भी निर्देश दिये। एसडीएम ने तहसील समाधान दिवस तथा थाना समाधान दिवस के साथ आईआरजीएस के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण मे स्पष्ट आख्या अंकित न होने पर नाराजगी जतायी। उन्होने शिकायतो के निस्तारण मे अपूर्ण कार्रवाई को लेकर मातहतो को आगाह करते हुए एक विवाद से जुडे प्रार्थना पत्रों को संग्रह कर निस्तारण की प्रक्रिया में सतर्कता के साथ अपडेट रखने को कहा। वही सीओ रामसूरत सोनकर ने थानेदारो को दो पक्षो के बीच किसी भी प्रकार के विवाद मे वीट सूचना भी तत्काल दर्ज कराने के निर्देश दिये।

## गजलकार डा. अनुज नागेन्द्र के सांस्कृतिक सचिव बनने पर खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** लालगंज नगर पंचायत के उमापुर निवासी एवं देश के जानेमाने गजलकार डा. अनुज नागेन्द्र को ऑल इण्डिया उलमा बोर्ड का सांस्कृतिक सचिव चयनित किये जाने पर स्थानीय साहित्यकारों ने शनिवार को बैठक के जरिए खुशी जतायी। डा. अनुज नागेन्द्र के वरिष्ठ साहित्यकार तथा कला पारखी के रूप में उलमा बोर्ड द्वारा किये गये चयन को साहित्यकारों ने जिले के लिए बडी उपलब्धि कहा है। बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष वंदना वर्मा अनम ने अनुज नागेन्द्र को सांस्कृतिक सचिव बनाए जाने का पत्र निर्गत करते हुए यह विश्वास जताया है कि बोर्ड के द्वारा लेखन तथा साहित्य के क्षेत्र में अब प्रदेश की तस्वीर और मजबूत हो सकेगी। वही यहां साहित्यकारो ने बैठक कर अनुज के चयन पर खुशी भी जताई है। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ लेखक एवं चिंतक डा. दुर्गा प्रसाद ओझा तथा संचालन आचार्य अनीस देहाती ने किया। इस मौके पर राजमूर्ति सिंह सौरभ, सुनील प्रभाकर, खुर्शीद अम्बरज, कासिम हुनर, फैयाज परवाना, डा. बृजेन्द्र द्विवेदी शैलेष, डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय आदि रहे।

## रेलवे मजदूर यूनियन का धरना आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रेल प्रशासन के मनमाने और अड़ियल रवैया के खिलाफ उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन 12 मार्च को एसएस दफ्तर के सामने धरना प्रदर्शन करेंगी। यह जानकारी यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद अफजल खान ने दी है।

## स्कूल व टीचर प्रोफाइल माडयूल अपडेट न होने पर होगी सख्ती

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** परिषदीय विद्यालयों मे पठन पाठन की गुणवत्ता मे बढोत्तरी के लिए स्कूल व टीचर प्रोफाइल मॉडयूल को अपडेट किये जाने को लेकर प्रधानाध्यापको को दो दिन की मोहलत दी गयी है। बीएसए भूपेन्द्र सिंह के द्वारा यू डायस फीडिंग में हो रही लेटलतीफी को लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारियों को भेजे गये पत्र में इसे दुरूस्त कराने के लिए तेरह मार्च तक का अल्टीमेटम दिया गया है। बीएसए के पत्र निर्गत होने को लेकर यहां परिषदीय विद्यालयों मे हडकंप का माहौल देखा गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों मे छात्रो के पठन पाठन को लेकर शासन द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा को हर हाल में दुरूस्त रखा जाना चाहिए। उन्होनें बीएसए के फरमान का हवाला देते हुए प्रधानाध्यापकों को आगाह किया है कि यदि इस निर्देश के अनुपालन मे लापरवाही मिली तो दोषी प्रधानाध्यापकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए संस्तुति की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही में 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना सरायअकिल से पांच थाना सदीपनघाट से दो थाना सैनी से चार थाना पिपरी से एक कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 174 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त अब्दुल कादिर पुत्र मो० गनी निवासी भखन्दा थाना सराय अकिल को कटहिया घाट से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# थाना मंझनपुर व करारी में एसपी ने सुनी जन समस्याएं

## राजस्व संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर जल्द से जल्द निस्तारण कराने के लिए सम्बन्धित को निर्देश



फरियाद सुनते पुलिस अधीक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद के प्रत्येक थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस दौरान पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना मंझनपुर व थाना करारी पर उपस्थित रहकर लोगों की जनसमस्याएं सुनकर उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये साथ ही राजस्व संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर जल्द से जल्द निस्तारण कराने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ये भी स्पष्ट किया गया कि थाना व तहसील दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए प्राथमिकता के आधार पर तय समय से निस्तारित किया जाए। साथ ही, निस्तारित की गई समस्या की जानकारी शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध कराई जाए। तत्पश्चात थाना करारी का भ्रमण निरीक्षण किया गया इस दौरान थाना कार्यालय के अभिलेखों के रख-रखाव व थाना परिसर में साफ सफाई को चेक किया गया तथा थाना परिसर की चारदिवारी की टूटी हुयी दिवाल के मरम्मत व परिसर के साफ सफाई हेतु क्षेत्राधिकारी मंझनपुर व थाना प्रभारी करारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थाना समाधान दिवस के अवसर उपजिलाधिकारी मंझनपुर, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर, थाना प्रभारी व राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### समाधान दिवस पर संदीपन घाट थाना में सुनी गई जन शिकायत



फरियाद सुनते थाना प्रभारी

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के मौके पर शनिवार को संदीपन घाट थाना में थाना प्रभारी राकेश कुमार राय ने जनशिकायत सुनी है मौके पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र आया था जिसको मौके पर निस्तारण कर दिया गया उपनिरीक्षक धीरेंद्र कुमार हर्रायपुर चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार यादव लेखपाल कुलदीप श्रीवास्तव, संतोष यादव, लछमीशंकर ,जितेंद्र प्रसाद, शिवनरायन मिश्रा, गजेंद्र सिंह, सिलवन्त सिंह, सुमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### सीओ सिराथू के नेतृत्व में थाना कोखराज में लोगों की सुनी गयी फरियाद

**कोखराज कौशाम्बी।** समाधान दिवस के अवसर पर कोखराज थाना में सीओ के जी सिंह व राजस्व निरीक्षक अनिल कुमार अग्रहरि के नेतृत्व में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और मौके पर निस्तारण कराया गया जो मामले मौके पर निस्तारण नही हो सके उनको लेखपाल को जॉच कर निस्तारण कराने का आदेश दिया मौके पर एसओ कोखराज रमेश कुमार पटेल,चौकी प्रभारी भरवारी सियकान्त चौरसिया,महेन्द्र सिंह,रितेश त्रिपाठी, लेखपाल, कानून गो दिलीप कुमार द्विवेदी, लोक नाथ पांडेय,रितेंद्र कुमार सिंह, मान सिंह, देवेंद्र कुमार,श्याम नारायण मिश्रा, आदि लोगों की उपस्थिति रही।



# पुलिस अफसरों के आदेश के मामले में ढिठाई से नहीं बाज आ रहे थानेदार!

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अनुशासित रहने वाले पुलिस विभाग में इन दिनों अनुशासनहीनता तेजी से बढ़ती जा रही है अपने अफसरों के आदेश पर भी ढिठाई करने से थानेदार बाज नहीं आ रहे हैं जिससे पीड़ित थाना से लेकर अफसरों के कार्यालयों का चक्कर काटते रह जाते हैं लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल पाता है ताजा मामला करारी थानेदार का है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के रहीमपुर मौलानी गांव की अनीस फातमा की शादी गांव के मोहम्मद रजा के साथ हुई थी लेकिन शादी के बाद से ही अनीस फातिमा के साथ मारपीट और उत्पीड़न शुरू हो गया मामले की शिकायत अनीस फातिमा के पिता अली अब्बास ने थाना पुलिस से की थाना पुलिस से न्याय ना मिलने पर अनीस फातमा के पिता पुलिस अफसर के चौखट में पहुंचे बालिका के पिता ने पुलिस अफसर से न्याय की फरियाद की पीड़ा सुनकर पुलिस अफसर ने 6 मार्च को करारी थानेदार को एफआईआर पंजीकृत करने का निर्देश दिया लेकिन 6 मार्च से 11 मार्च 5 दिन बीत चुके हैं लेकिन अफसर के आदेश पर करारी पुलिस ने अभी तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया है जिससे करारी पुलिस की मनमानी रवैया का अंदाजा लगाया जा सकता है आखिर अफसरों के आदेश के बाद करारी पुलिस को मुकदमा दर्ज करने में क्यों गुरूर है लोगों की बातों को गौर करें तो आरोपियों को बचाने का ठेका करारी पुलिस ले चुकी है और 20 हजार रुपए की रकम भी पुलिस तक पहुंच चुकी है जिससे करारी थानेदार के लिए अफसरों का आदेश कोई मायने नहीं रखता है उनके लिए तो सब कुछ अपनी मनमर्जी पर होता है यह तो एक उदाहरण मात्र है ऐसे तमाम फरियादी हैं जो करारी थानेदार की मनमर्जी से परेशान हैं और आए दिन अफसरों की चौखट पर फरियाद कर रहे हैं पुलिस अफसरों के आदेश की अवहेलना करने वाले करारी थानेदार के कारनामों को पुलिस अफसरों को गंभीरता से लेना होगा तभी पुलिस महकमे में अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाना सार्थक साबित होगा।

**5 दिन पूर्व एफ आई आर दर्ज करने के आदेश दिए जाने के बाद करारी थाना पुलिस ने अफसरों के आदेश को किया दरकिनार**





### विधायक राजूपाल हत्याकांड के इनामी शूटर अब्दुल कवि का भाई गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** प्रयागराज शहर के चर्चित विधायक राजू पाल हत्याकांड का नामजद आरोपी अब्दुल कवि के घर के ध्वस्तीकरण के दौरान उसके अधिवक्ता भाई ने पुलिस का जमकर विरोध किया था पुलिस ने राजू पाल हत्याकांड के नामजद अभियुक्त अब्दुल कवि के भाई को गिरफ्तार कर लिया है आरोपी के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने अधिवक्ता अब्दुल कादिर को न्यायालय में पेश किया रिमांड मजिस्ट्रेट ने गिरफ्तार आरोपी को 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है 18 वर्षों पूर्व प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े बेरहमी से विधायक राजू पाल की हत्या कर दी गई थी हत्याकांड के नामजद अभियुक्त अब्दुल कवि के घर के ध्वस्तीकरण के दौरान घर से भारी मात्रा में अवैध हथियार का जखीरा मिला था पुलिस राजू पाल हत्याकांड के अभियुक्त अब्दुल कवि को गिरफ्तार करने गई थी लेकिन अब्दुल कवि पुलिस को नहीं मिला है 18 साल पूर्व हुए विधायक राजू पाल हत्याकांड में नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी में पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं।

# जन्मदिन पर उपद्रवियों ने आतंकियों की तरह मचाया उत्पात

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** छोटे बच्चे के जन्म दिवस के अवसर पर गांव के उपद्रवियों ने जश्न में खलल डाल दिया है जन्मदिन के मौके पर रिश्तेदार और परिचित लोग एकत्रित थे और जन्मदिन मनाने की तैयारी कर रहे थे इसी बीच आधा दर्जन से अधिक उपद्रवी ने गाली गलौज मारपीट शुरू कर दी महिलाओं के कपड़े फाड़ दिए गए उनसे अश्लीलता और छेड़खानी की गई सब कुछ खुलेआम होता रहा लेकिन उपद्रवियों के अत्याचार पर विरोध करने का किसी का साहस नहीं हुआ लाठी डंडा हांकी रॉड से लैस होकर दर्जनों उपद्रवी जन्मदिन स्थल पर पहुंचे और लोगों को बेरहमी से पीटा घर के बाहर खड़ी बाइक को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया घर में आग लगा दिया जिससे घर का सामान भी जलकर नष्ट हो गया है आरोप है कि उपद्रव के दौरान उन्होंने लूटपाट कर सामान भी लूट लिया मामले की सूचना पुलिस को मिली पुलिस ने उपद्रवियों को गिरफ्तार करने के बजाय पीड़ित परिवार के ही दो युवको रिश्तेदारों को गिरफ्तार कर थाने उठा लाई है पुलिस का रवैया भी इस मामले में ठीक नहीं दिखा रहा है पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है एसपी को शिकायती पत्र देने के 24 घंटे बाद भी थाना पुलिस कार्यवाही नहीं कर सकी है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव में जानकी देवी पत्नी दशरथ लाल मौर्या के घर उसके नाती अनिकेत उम्र 2 वर्ष का 9 मार्च को जन्मदिन था परिवार के लोग अनिकेत का जन्मदिन मनाने में लगे थे इसी बीच गांव के अरविंद कुमार शर्मा रितेश विकास आलोक अभिषेक अवनीश अरविंद कुमार शर्मा आदि लोग दशरथ लाल के रिश्तेदार को डीजे के सामने नाचने के लिए दबाव बनाने लगे लेकिन उसने डीजे के सामने नाचने से मना कर दिया इसी बात पर उपद्रवियों ने अपने साथियों को बुला लिया लाठी डंडा फरसा रॉड लेकर जन्मदिन स्थल पर उपद्रवी पहुंचे गाली गलौज करते हुए लड़कियों से छेड़खानी शुरू कर दी गौतम के ऊपर फरसा से प्रहार किया जिस पर उसने रोकने की कोशिश की उसके हाथ की उंगली कट गई जन्मोत्सव में मौजूद कई लड़कियों के साथ छेड़खानी की गई उनके कपड़े फाड़ दिए गए दशरथ लाल को तमंचे के बट से पीट दिया गया जिससे उसे चोटें आई हैं बताया जाता है कि दशरथ लाल के बेटे शिव बरन और रामचरण को पुलिस थाने उठा लाई है जिन्हें छोड़ने के एवज में पुलिस डिमांड कर रही है जन्मोत्सव के मौके पर मचाए गए उत्पात मारपीट के बाद कई लोगों को चोटे आई हैं घायलों का इलाज अभी तक थाना पुलिस ने नहीं कराया है जिससे थाना पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं हमलावर खुलेआम घूम रहे हैं।

**दबाव के चलते पीड़ित परिवार को थाना पुलिस ने हिरासत में लिया**




# डी जे और बैंड बाजे के साथ मनौरी बाजार में खाटू श्याम की निकाली गयी विशाल शोभा यात्रा

**चायल चौकी इंचार्ज मनोज तोमर अपने दल बल के शोभा यात्रा की विशेष सुरक्षा में देखे गए, बाबा खाटू श्याम का भजन कीर्तन के साथ साथ विशाल भंडारे का भी किया गया आयोजन**

**अखंड भारत संदेश**

**मनौरी कौशाम्बी।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कौशांबी जनपद के मनौरी बाजार में बाबा श्री खाटू श्याम की एक विशाल शोभा यात्रा शनिवार को सुबह 8 बजे निकाली गई जिसमे हजारों की संख्या में खाटू श्याम भक्तो ने बाबा का ध्वज लेकर पूरे नगर मे भ्रमण किया, शोभा यात्रा में सभी भक्त पीले वस्त्र में डी जे द्वारा बजाए जा रहे बाबा के गीत पर नाचते गाते खाटू श्याम बाबा का जयकारा लगाते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। मनौरी के हर घर से नर नारी व बच्चे बाबा खाटू श्याम की भक्ति में लीन रहे खाटू श्याम बाबा की शोभायात्रा के दौरान पूरा बाजार भक्तिमय हो गया श्री खाटू श्याम जी का भव्य श्रृंगार व मुकुट पूजन भजन संध्या, छप्पन भोग ,माखन मिश्री भोग, इत्र वर्षा इस महोत्सव की विशेष प्रस्तुति रही



भजन संध्या के क्रम में जयपुर से आयुष सोमानी,सुल्तानपुर से धर्मेंद्र पांडेय,प्रयागराज से रोमा निषाद और प्रयागराज से लक्ष्मी जी जैसे महान गायकों की प्रस्तुति से आम जनमानस भाव विभोर हुई पूरा पांडाल खाटू श्याम के जयकारों से गुंजायमान हुआ इसी क्रम में आज खाटू श्याम भक्तो द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमे कई हजार लोगो ने खाटू श्याम जी का प्रसाद ग्रहण किया।

# अवैध निर्माण पर करारी मदरसे को प्रशासन ने लगाया बीस लाख रुपए का जुर्माना थमाई नोटिस, हड़कंप

**सरकारी जमीन से तुरंत हटाओ मदरसा नहीं तो प्रशासन चलाएगा बुलडोजर, नोटिस**

**हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष ने तालाब पर अवैध निर्माण की डीएम से की थी शिकायत**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** करारी कस्बे में बने मदरसे को तहसील प्रशासन ने अवैध कब्जा मानते हुए 20 लाख रुपए जुमार्ने की नोटिस थमाते हुए कब्जे को तुरंत हटाने का आदेश जारी कर दिया है। जैसे ही नोटिस मदरसे के प्रबंधक को मिली वहां हड़कंप मच गया। तहसील प्रशासन के कड़े रुख से मदरसा प्रशासन डरा हुआ है। वहीं दूसरी ओर मदरसे के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों से सेटिंग मीटिंग में भी लग गए हैं कि मदरसे का भवन बच जाए उनका अवैध निर्माण बचा रहे। भाजपा के एक बड़े नेता पर संरक्षण देने का भी आरोप लग रहा है पूर्व में भी इस भाजपा नेता पर संरक्षण का आरोप लग चुका है। बताते चलें कि 1 सप्ताह पूर्व हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने जिला अधिकारी से मिलकर करारी कस्बे में बने मदरसे को अवैध बताते हुए शिकायत की थी कि यह मदरसा तलाबी नंबर पर बना है जो कि सरकारी भूमि है यही नहीं इसी भूमि पर बड़ी संख्या में लोगों ने अवैध निर्माण कर अपना भवन भी बना लिया है। जिसे सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में तुरंत खाली कराया जाना जरूरी है। मामले में जिलाधिकारी ने तहसील प्रशासन को जांच कर कार्रवाई के आदेश जारी किए थे जिस पर तहसील प्रशासन ने इस मदरसे के खिलाफ 20 लाख रुपए की वसूली नोटिस जारी करते हुए इस सरकारी जमीन को तुरंत खाली करने का आदेश जारी कर दिया है। जैसे ही यह आदेश मदरसा प्रबंधक को मिला वहां हड़कंप मच गया। वही मदरसा प्रबंधन से जुड़े विपक्षी दल के लोगों ने इस मामले में स्थानीय तहसील प्रशासन से संपर्क साधना भी शुरू कर दिया है कि उनके अवैध निर्माण पर चल रहा बुलडोजर रुक जाए एक बड़े भाजपा नेता अवैध संपत्ति को बचाने में लग गए हैं अब देखना यह है कि प्रशासनिक अधिकारी अवैध निर्माण पर कब तक बुलडोजर चला पाते हैं।

## न्यूज झरोखा

### दलित बस्ती की टूटी पुलिया का नहीं हो सका निर्माण आवागमन में हो रही दिक्कत

**करारी कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशांबी विकासखंड अंतर्गत बराई बन्धवा गांव में दलित बस्ती को जाने वाले रास्ते की पुलिया टूट गई थी ग्राम प्रधान रामूलाल ने पुलिया को जेसीबी से खुदवा दिया है जिससे रास्ते मे गहरे गड्ढे हो गए हैं आवागमन में दिक्कत होती है जिसे निर्माण कराने के लिए 6 महीने पहले ईट और अन्य सामग्री मंगाई भी गई थी लेकिन आरोप है कि बाद में सामग्री को प्रधान उठा ले गए हैं पुलिया का निर्माण नहीं हो सका है जिससे दलित बस्ती के लोगों को आवागमन में दिक्कतें होती हैं कई बार मामले की शिकायत अधिकारियों से किए जाने के बाद भी दलित बस्ती को जाने वाले रास्ते की टूटी पुलिया का निर्माण नहीं हो सका है सोनेलाल के घर के पास की पुलिया टूटी है उसे भी मरम्मत कराए जाने की मांग की गई है ग्राम चौपाल में पूर्व प्रधान रामदुलारे के नेतृत्व में ग्रामीणों ने टूटी पुलिया की शिकायत कर निर्माण कराए जाने की मांग की है।

### नकाबपोश व्यक्ति ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**कौशांबी।** कडा धाम थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में पान दुकानदार से मारपीट की गई है जिससे उसे चोटे आई है जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी राम लखन विश्वकर्मा पवन हाउस रोड पर प्रेम साहू मैरिज हॉल के सामने पान गुटका की दुकान करता है जिसमें बृहस्पतिवार की रात में करीब 12:00 बजे के लगभग एक अज्ञात व्यक्ति पान का गुटका लेने दुकान पर आया और जल्दी करने की बात कह कर वह गाली देने लगा गाली का विरोध करने पर नकाबपोश अज्ञात व्यक्ति ने वार कर दिया जिससे राम लखन विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए शोर शराबा सुनकर गेस्ट हाउस में रहे लोगों ने ललकारा तो अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया भुक्तभोगी की पत्नी ने कड़ा धाम पुलिस को अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध लिखित तहरीर दी लिखित तहरीर पाकर कड़ा धाम पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सदीपनघाट पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तों शिव मूरत पुत्र मोतीलाल हरिचन्द्र पुत्र अमरनाथ व कब्बन पुत्र अनिउद्दीन निवासीगण मितुआपुर थाना संदीपनघाट को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 390 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 380 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानो द्वारा कुल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 26 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुखई लाल पुत्र स्व0 तुले निवासी बारातफारिक थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 16 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त ननकू पुत्र मुर्गात सरोज निवासी उधरावा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त विनोद कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 लालता प्रसाद पाण्डेय निवासी बिबिनियापुर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को 550 ग्राम नाजायज गाजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पट मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# 3 दशक पूर्व अतीक अहमद के संरक्षण में शुरू हुआ वाहनों से वसूली का खेल नहीं हो सका बंद!

## डग्गामार वाहनों से सामान्तरण सरकार की तरह लाखों रुपए की वसूली में लगे छुटभैया नेताओ का सरगना कौन!

**अखंड भारत संदेश**

कौशाम्बी। तीन दशक पूर्व प्रयागराज की धरती पर बाहुबली अतीक अहमद के संरक्षण में वाहनों से अवैध वसूली का खेल शुरू हुआ था जगह-जगह पर उनके गैंग के लोग वसूली में लगे थे डंडा लेकर वाहन चालको से जबरिया वसूली होती थी जिस वाहन चालक ने वसूली का विरोध किया उसके वाहन को अड्डे पर सवारी नहीं भरने दिया जाता था अतीक अहमद तो जेल चले गए लेकिन उनकी लोगों द्वारा शुरू किया गया अवैध वसूली का खेल बंद नहीं हो सका है आखिर अवैध वसूली को रोकने में अफसरों के पसीने क्यो छूट रहे हैं अवैध वसूली के दम पर डग्गामार वाहन बेखौफ तरीके से सड़कों पर दौड़ रहे हैं जो सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान भी पहुंचा रहे हैं डग्गामार वाहनों में अफसरों का नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। जिन वाहनों के पास परमिट नहीं है उनका दबदबा है लेकिन जिनके पास परमिट है परमिट वाले वाहन सरकार को टैक्स देने के बाद भी सड़कों पर वाहन नहीं चल पा रहे हैं डग्गामार वाहनों से समान्तरण सरकार की तरह लोग वसूली में लगे हैं प्रत्येक चौराहे और प्रत्येक अड्डे पर सुबह से देर तक वसूली करने वाले देखे जाते हैं जिस वाहन ने वसूली करने वाले को अतिरिक्त रकम नहीं दी उसके वाहन को सड़कों पर चलने नहीं दिया जाता है नंबर लगाने के नाम पर खड़े होने वाले लोगों द्वारा वाहन को किनारे कर दिया जाता है उसके पास परमिट जायज है कि नाजायज है यह अधिकारियों की जांच का विषय है लेकिन सब कुछ निर्णय नक्सलियों की तर्ज पर समान्तरण सरकार कर रही है लेकिन उसके बाद भी वसूली में लगे लोगों पर कार्यवाही नहीं हो रही है। गौरतलब है कि अवैध वाहनों से वसूली का यह खेल 3 दशक पूर्व शुरू हुआ देखते-देखते वाहनों से वसूली के खेल ने पूरा कब्जा जमा लिया है पूरे दिन वाहन अड्डे पर वसूली करने वाले लोग मौजूद रहते हैं और घूम घूम कर वाहनों से वसूली करते हैं बताया जाता है कि मंझनपुर भरवारी सिराथू सैनी अझुवा करारी पश्चिम सरीरा तिल्हापुर मोड़ चायल नेवादा मनौरी मूरतगंज नेवादा सराय अकिल पश्चिम शरीरा सहित विभिन्न स्थानों पर वाहनों से वसूली करने वाले देखे जाते हैं कौशांबी के अलावा प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध वसूली का खेल बेखौफ शुरू है लेकिन 3 दशक के बीच अवैध वसूली में लिप्त लोगों पर पुलिस महकमा कार्यवाही नहीं कर सका है बताया जाता है कि प्रत्येक वाहन अड्डे पर कई कई लोग अलग-अलग वाहन से वसूली करते हैं प्राइवेट बस से वसूली करने वाले लोग अलग खड़े हैं विक्रम से वसूली करने वाले लोग अलग खड़े हैं ईरिक्शा से वसूली करने वाले लोग अलग खड़े हैं यदि एक चौराहे पर चार सड़क पर वाहन चल रहे हैं तो चारों सड़कों पर वसूली करने वाले लोग अलग-अलग खड़े होकर वसूली कर रहे हैं वाहनों से वसूली करने वाले लोगों द्वारा प्रतिदिन हजारों रुपए की प्रत्येक लोगों द्वारा वसूली होती है कई लाख रुपए साल की वसूली करने वाले लोगों को बीते तीन दशक से पुलिस नजरअंदाज कर रही है आखिर अवैध वसूली करने वाले लोगों का सरगना कौन है इस मामले की भी जांच कर कार्यवाही करने का प्रयास पुलिस महकमे ने नहीं किया है जबकि पूरे जिले के आंकड़ों पर गौर करें तो करोड़ों रुपए की वसूली प्रत्येक वर्ष वाहनों से सड़क छाप गुंडों द्वारा अतीक अहमद के नाम पर की जा रही है अवैध वसूली से अपराधी पल रहे हैं और मालामाल हो रहे हैं। गौरतलब है कि सड़कों पर बेखौफ तरीके से दौड़ने वाले डग्गामार वाहनों से अवैध वसूली का खेल बाहुबली अतीक अहमद के नेतृत्व में तीन दशक पूर्व शुरू हुआ था लेकिन अतीक अहमद के जेल जाने के बाद भी उनके गुर्गों की वसूली का यह खेल नहीं बंद हो सका है आखिर एक तरफ सरकार अतीक अहमद के अवैध कारोबार को बंद कराने का दावा कर रही है लेकिन अतीक अहमद के कार्यकाल में शुरू हुआ वाहनों से अवैध वसूली का खेल उनके जेल जाने के बाद भी नहीं बंद हो सका है आखिर नियम कानून के विपरीत अवैध तरीके से अवैध वसूली के खेल पर योगी सरकार कब रोक लगाएगी और वसूली में लगे लोगों को चिन्हित कार उन पर मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी पुलिस अफसर कब कराएंगे आम जनता इस बात का उत्तर योगी सरकार से चाहती है।



डग्गामार वाहन

## संपादकीय

# विदेशी धरती पर मर्यादा नहीं लांघनी चाहिए

**राजस्थान** में एक समय सचिन पायलट के समर्थन में बागी हो गए मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के बेटे अनिरुद्ध सिंह ने अपने ट्वीट में कहा है - 'वे झक्की हो चुके हैं जो अपने ही देश को दूसरे देश की संसद में अपमानित करते हैं या शायद वे इटली को अपना देश मानते हैं। 'उन्होंने दूसरा ट्वीट राहुल गांधी की उस टिप्पणी पर किया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा सत्ता में नहीं रहेगी। 'क्या यह बकवास वे अपने देश में नहीं कर सकते थे या जेनेटिकली उन्हें यूरोप की मिट्टी ही पसंद है?' सचिन पायलट के कट्टर समर्थक अनिरुद्ध सिंह का विवाद से नाता नया नहीं है। कभी-कभी लगता है कि देश में जो राजनीतिक द्वंद इन दिनों दिखाई पड़ रहा है, वह पूरी तरह से राजनीतिक न होकर समझ का है, परिपक्वता का है। उसे वैचारिक द्वंद्व कहना भी सही नहीं होगा। वह तो कुरुक्षेत्र में अर्जुन का था। जिसके हाथ में सत्ता है वह खुद को इस कदर सर्वशक्तिमान समझ रहे हैं कि सरकार चलाने के लिए वे दूसरे पक्ष की भूमिका और व्यवस्था के स्तंभों को भी ध्वस्त कर देना चाहते हैं। उन्हें दंभ है कि वे ही जनता के हितैषी हैं और उसके लिए और किसी भी रास्ते को चुनने के हकदार भी। दंभ तब भी झलकता है जब वह कहते हैं कि अभी तक कुछ नहीं हुआ और जो कर रहे हैं वे ही कर रहे हैं। यही भाव सब तक पहुंचाने की पुरजोर कोशिश होती है। यहां तक कि मीडिया जिसका काम जनता की तकलीफ सरकार तक पहुंचाने का है, वह अब केवल और केवल सरकार की बातें सुनाने के लिए जनता के बीच है। सुनने का भाव कहीं बचा ही नहीं है, तो यह 140 करोड़ की आबादी जिसके बारे में सरकार का कहना है कि इसमें से अस्सी फीसदी को वे मुफ्त अनाज दे रहे हैं,वह आखिर कहां जाए? कोई है जो इस हताश आबादी के दर्द सुनेगा? लोकतंत्र के ढहते स्तंभों की कोई सुध लेगा? राहुल गांधी ने अपनी हाल ही में संपन्न इंग्लैंड यात्रा के दौरान जब कह दिया कि 'भारत में लोकतंत्र नाम की कोई चीज बची नहीं है', तो देश में भारतीय जनता पार्टी के नेता खूब हमलावर हो रहे हैं। उनका कहना है कि राहुल गांधी विपक्ष की धरती पर भारत का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष और सोनिया गांधी को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए। दरअसल जवाब तो इस तर्क के साथ आना चाहिए कि जो राहुल कह रहे हैं, गलत कह रहे हैं। मुद्दा यह बनाया जा रहा है कि विदेशी धरती पर ऐसा क्यों कहा गया?

# लोकतांत्रिक ताकतों को भगवा आक्रमण से मिलकर लड़ना होगा

प्रकाश कारत

**भाजपा-आरएसएस** गठबंधन अच्छी तरह से जानता है कि उनकी कमजोर चुनावी सफलता के लिए एक महत्वपूर्ण कारक इस तथ्य में निहित है कि लगातार पांच वर्षों तक, वे दमन और डराने-धमकाने के शासन के माध्यम से पार्टी और वाम मोर्चा संगठन को पंगु बनाने और कमजोर करने में सक्षम थे। वामपंथ अभी भी एक भूत है जो उन्हें परेशान करता है। 2 मार्च को विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद त्रिपुरा में भड़की हिंसा का तांडव एक ऐसा कार्य था जिसकी भविष्यवाणी तब की गई थी जब भाजपा को बहुमत मिला था, भले ही यह बहुत ही अल्प अन्तर से था। फिर 6 मार्च तक, पूरे राज्य में भाजपा गिरोहों द्वारा हमलों और हिंसा की लगभग एक हजार घटनाएं हुईं। ये माकपा, वाम मोर्चे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर शारीरिक हमले, उनके घरों में तोड़फोड़ या आगजनी और पार्टी कार्यालयों को तोड़ने के रूप में थे। हमले का एक विशेष रूप से शातिर रूप उनकी आजीविका के साधनों को नष्ट करने के लिए होता है जैसे रबर के बागानों, फसलों को जलाना और उनके ई-रिक्शा और वाहनों को नुकसान पहुंचाना ताकि उनपर अंकुश रखा जा सके। मार्च 2018 में पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद शुरू हुई हिंसा और आतंक का ठीक यही पैटर्न था, जब भाजपा पहली बार सत्ता में आई थी। सत्ताधारी पार्टी द्वारा दमन पूरे पांच साल तक जारी रहा, जबरन वसूली और श्रमिकों के परिवारों को धमकियां दी गईं। इस अवधि में माकपा के 25 सदस्य और समर्थक मारे गये। इस बार, हमलों की व्यापक तीव्रता भाजपा की सीट पर गुस्से और हताशा से उपजी है और वोटों की संख्या में काफी कमी आई है, जबकि विपक्ष को दबाने के सभी प्रयासों के बावजूद, वाम-कांग्रेस गठबंधन को 35 प्रतिशत से अधिक वोट मिले। त्रिपुरा के बाहर के लोग पूछ सकते हैं कि सत्तारूढ़ दल द्वारा चुनावी जीत दर्ज करने के बाद विपक्ष पर इतने व्यापक और तेज हमले क्यों हुए? यहीं पर वर्ग पहलू सामने आता है। त्रिपुरा में कम्युनिस्ट आंदोलन, पश्चिम बंगाल की तरह, दशकों के वर्ग संघर्षों और जन आंदोलनों से बना था। त्रिपुरा में जो देखा जा रहा है वह सीपीआई (एम) के संगठन को खत्म करने और उसके जन समर्थन को डराने के उद्देश्य से दमन और हिंसा की एक सतत योजना है। चुनाव से पहले या बाद में, कम्युनिस्ट और वामपंथी आंदोलन पर यह वर्गीय हमला जारी है। उद्देश्य कम्युनिस्ट आंदोलन को ही खत्म करना है। इस हिंसा के पीछे सत्तारूढ़ दल के रूप में भाजपा का हाथ है। यह इस बात से स्पष्ट है कि 8 मार्च को दूसरे कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले माणिक साहा ने इन घटनाओं पर कैसी प्रतिक्रिया दी है। कुछ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद साहा ने कहा कि, ''विपक्षी पार्टी के समर्थक और निहित स्वार्थ वाले लोग राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिंसा भड़का रहे हैं।'' इसलिए, माकपा और अन्य विपक्षी कार्यकर्ता भाजपा को बदनाम करने के लिए अपने घरों, दुकानों और कार्यालयों में आग लगा रहे हैं!

# साम्प्रदायिक नफरत का बढ़ता दायरा

राम पुनियानी

**जहां** एक ओर नफरत, हिंसा और ध्रुवीकरण बढ़ता जा रहा है वहीं भाईचारा, जो हमारे संविधान के प्रमुख मूल्यों में से एक है, पर भीषण प्रहार हो रहे हैं। स्वाधीनता आंदोलन ने देश के सभी सम्प्रदायों को एक किया था। अब समय आ गया है कि उन मूल्यों को पुनर्जीवित किया जाए। शांति, प्रेम और बंधुत्व के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता। पिछली 16 फरवरी 2023 को जुनैद और नासिर कुछ रिश्तेदारों से मिलने अपने घर से निकले। उन्हें एक गौरक्षा समूह की बर्बर हिंसा का सामना करना पड़ा। ये समूह बिना किसी भय के हरियाणा और उसके आसपास के इलाकों में सक्रिय हैं। इस त्रासद घटना से यह पता चलता है कि ये समूह कितने खुलकर काम कर रहे हैं और किस तरह पुलिस से उनकी सांठगांठ है। ये दोनों मुस्लिम युवक जब अपने घर वापस लौट रहे थे तब उन्हें कथित गौरक्षकों की गैंग ने घेर लिया। उनकी जमकर पिटाई की गई और फिर उन्हें पुलिस थाने ले जाया गया। वे गंभीर रूप से घायल थे परंतु पुलिस ने न तो उन्हें अस्पताल भेजा और ना ही हमलावरों को पकड़ा। गैंग के सदस्य नासिर और जुनैद को एक सूनी जगह पर ले गए, उन्हें एक कार की पिछली सीट से बांध दिया और फिर कार में आग लगा दी। इस बर्बर अपराध में इस्तेमाल की गई कार पहले पुलिस वाहन के रूप में पंजीकृत थी। कारवां-ए-मोहब्बत के संस्थापक हर्ष मंदर मृतकों के परिवारों को ढाढ़स बंधाने उस क्षेत्र में गए। उन्होंने 'द इंडियन एक्सप्रेस' में लिखा, ''मोनू मनेसर के सोशल मीडिया पेजों से गुजरते हुए मैं सन्न रह गया। वह और उसकी गैंग के सदस्य आधुनिक हथियारों को लहराते हुए, पुलिस की जीपों के सायरन की आवाज की नकल करते हुए, वाहनों पर गोली चलाते हुए और लोगों को बुरी तरह पीटते हुए अपने वीडियो लाईव स्ट्रीम करते हैं।'' इस भयावह घटना की निंदा और विरोध के बीच दो महापंचायतें बुलाई गईं। अपराधी राजस्थान से थे और अपराध हरियाणा में हुआ था। इन महापंचायतों को आरएसएस से जुड़े बजरंग दल, विहिप व हिन्दू सेना नाम के एक अन्य संगठन का पूरा समर्थन प्राप्त था। इन महापंचायतों में एक बार फिर जहर




गोदी मीडिया के एक जाने-माने एंकर ने एक चार्ट के जरिए यह समझाया कि भारत में कितने प्रकार के जिहाद हो रहे हैं। भारत में मीडिया में गोएबेलों की कमी नहीं है। जहां एक ओर नफरत, हिंसा और ध्रुवीकरण बढ़ता जा रहा है वहीं भाईचारा, जो हमारे संविधान के प्रमुख मूल्यों में से एक है, पर भीषण प्रहार हो रहे हैं। स्वाधीनता आंदोलन ने देश के सभी सम्प्रदायों को एक किया था। अब समय आ गया है कि उन मूल्यों को पुनर्जीवित किया जाए

उगला गया। पहली महापंचायत में घोषणा की गई कि अगर इस गौरक्षक दल के मुखिया मोनू मनेसर को पकड़ने राजस्थान की पुलिस आएगी तो वे लोग अपने पैरों पर चलकर वापस नहीं जा पाएंगे। दूसरी महापंचायत, जो 22 फरवरी को हुई, में आस्था मां नामक एक महिला ने लव जिहाद का मुद्दा उठाया और श्रोताओं से कहा कि वे हिन्दू लड़कियों पर नजर डालने वालों को न बख्शें। इस बीच तीन दोषियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और यह पता चला है कि वे पुलिस के मुखबिर थे। पिछले कुछ सालों से गौरक्षकों की कारगुजारियों में तेजी से वृद्धि हुई है। सन् 2019 के बाद से तो वे छुट्टे सांड बन गए हैं। सन् 2015 में हरियाणा सरकार ने गौवंश संरक्षण एवं गौसंवर्धन अधिनियम पारित किया। सन् 2019 में इस अधिनियम में संशोधन कर गायों का परिवहन करने वालों के लिए सजा का प्रावधान किया गया। इसके बाद से गुंडों के कई नए समूह गठित हो गए हैं। वे मवेशियों को ले जा रहे वाहनों को रोकते हैं और उनसे सौदेबाजी करते हैं। सौदा न पटने पर मारपीट की जाती है। यह उन लोगों के साथ भी होता है जिनके पास मवेशियों का परिवहन करने की वैध अनुमति होती है। क्या हम यह मान सकते हैं कि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं होगी? मेवात इलाके के मुसलमान कई हिन्दू रीतिरिवाजों का पालन करते हैं। वे मुख्यतः दूध का व्यापार करते हैं और अक्सर मोनू मानेसर जैसे गुंडों और उनकी गैंगों के हमलों का शिकार बनते रहते हैं। पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है।

गाय और बीफ को विघटनकारी साम्प्रदायिक राजनीति करने वालों ने अपना एक प्रमुख हथियार बना लिया है। एक अन्य जुनैद, जो मदरसे में पढ़ता था, की एक ट्रेन में इस शक की बिना पर लिंचिंग कर दी गई कि उसके टिफिन में बीफ है। मोहम्मद अखलाक और पहलू खान पर क्या गुजरी यह हम सब जानते हैं। लिंचिंग को मुसलमानों को आतंकित करने का हथियार बना लिया गया है। अखलाक की हत्या के बाद 'अवार्ड वापसी' का सिलसिला शुरू हुआ था जिसके अंतर्गत देश के कई शीर्ष वैज्ञानिकों, लेखकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने सरकारी पुरस्कार लौटा दिए थे।

इंडियास्पेंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, ''सन् 2010 से 2017 के बीच के आठ सालों में गाय से जुड़े मुद्दों को लेकर हुई हिंसा के शिकारों में से 51 प्रतिशत मुसलमान थे। ऐसी 63 घटनाओं में कुल 28 लोग मारे गए जिनमें से 86 प्रतिशत मुसलमान थे। इनमें से 57 प्रतिशत घटनाएं मई 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद हुईं और 63 में से 32 घटनाएं भाजपा-शासित राज्यों में हुईं। यह विश्लेषण 25 जून 2017 तक हुई घटनाओं पर आधारित है।'' मुसलमानों और ईसाईयों के खिलाफ विषवमन सभी सीमाएं पार कर चुका है। आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों के अलावा हिन्दू सेना जैसे दर्जनों नए संगठन उभर आए हैं। बड़े नेता कहते जाते हैं कि इन संगठनों को कानून अपने हाथों में नहीं लेना चाहिए और ये संगठन ठीक यही करते रहते हैं। अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का गर्व से प्रचार किया जाता है। मोनू मनेसर ने हरियाणा में हुई घटना को फेसबुक पर लाईव स्ट्रीम किया था। शंभूलाल रैगर ने अफ्राजुल को मौत के घाट उतारने का वीडियो बनाया था जिसे सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया।

इस तरह की घटनाओं में शामिल लोगों का सार्वजनिक अभिनंदन भी होता है। कलीमुद्दीन अंसारी के हत्यारे का तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने स्वागत किया था। आठ साल की बच्ची की कश्मीर में बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। इस अपराध में शामिल लोगों के समर्थन में जुलूस निकाले गए। कम्प्यूटर इंजीनियर मोहसिन शेख की पुणे में हुई हत्या के आरोपियों को अदालत द्वारा बरी कर दिए जाने के बाद उन्हें एक 'विजय जुलूस' में शहर में घुमाया गया। ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी सुबोध कुमार सिंह की हत्या इसलिए कर दी गई क्योंकि उन्होंने उत्तरप्रदेश में गाय का शव एक खेत में फेंके जाने की घटना में कानून सम्मत कार्यवाही की। हमारे प्रधानमंत्री ने एक भाषण में कहा कि महाराणा प्रताप ने गौरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। गत 26 फरवरी 2023 को वाशी (नवी मुंबई) में एक विशाल 'हिन्दू जन आक्रोश रैली निकाली गई जिसमें लव जिहाद और लैंड जिहाद करने के लिए मुसलमानों के खिलाफ अभद्र नारे लगाए गए।

गोदी मीडिया के एक जाने-माने एंकर ने एक चार्ट के जरिए यह समझाया कि भारत में कितने प्रकार के जिहाद हो रहे हैं। भारत में मीडिया में गोएबेलों की कमी नहीं है। जहां एक ओर नफरत, हिंसा और ध्रुवीकरण बढ़ता जा रहा है वहीं भाईचारा, जो हमारे संविधान के प्रमुख मूल्यों में से एक है, पर भीषण प्रहार हो रहे हैं। स्वाधीनता आंदोलन ने देश के सभी सम्प्रदायों को एक किया था। अब समय आ गया है कि उन मूल्यों को पुनर्जीवित किया जाए। शांति, प्रेम और बंधुत्व के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता।

# प्रकृति के अदृश्य अर्थशास्त्र को समझना होगा

पवन सुखदेव

**हम** में से कुछ स्वाभाविक रूप से प्रकृति के मूल्य को समझ सकते हैं लेकिन दुर्भाग्य से हमारी प्रणालियां इसे समझती नहीं हैं। इसका परिणाम यह है कि निर्णय नीतिगत स्तर, कार्यकारी और सूक्ष्म आर्थिक स्तर पर किए जा रहे हैं। ये लोग इसके लिए हर समय आदान-प्रदान किए जा रहे विशाल मूल्य से पूरी तरह से अनजान हैं- जो हमारी अर्थव्यवस्था का प्राकृतिक आधार है। यही असली चुनौती है। दुनिया भर के राजनेताओं को, जो देश की सीमाओं के नाम पर लड़ते रहते हैं, जो हमारे बीच बंटवारा करने की कोशिश करते हैं या विभाजन रेखाएं खींचते हैं, मैं पृथ्वी की वर्षा प्रणाली का एक वीडियो देखने की चुनौती दूंगा और उनसे कहूंगा- 'मुझे बताइये कि आप यहां कौन सी सीमाएं देखते हैं?' इसका एक ही सरल जवाब है- कोई भी नहीं है। केवल एक वैश्विक प्रणाली है जो तीन धड़कते दिलों द्वारा संचालित हैः अमेजन वर्षा वन, उप-सहारा अफ्रीका और इंडोनेशियाई द्वीप समूह। आप उन्हें हमारी पृथ्वी की वर्षा फैक्टरियां कह सकते हैं और वे प्रकृति के छिपे हुए अर्थशास्त्र के एक आदर्श उदाहरण का प्रतिनिधित्व करते हैं। उदाहरण के लिए अमेजन वर्षा वनों को लें। अमेजोन्स के ऊपर से जैसे ही उत्तर-पूर्वी व्यापारिक हवाएं जाती हैं वे प्रतिदिन लगभग 20 बिलियन टन जल वाष्प इक्का करती हैं जो अंततः ला प्लाटा बेसिन में बारिश के रूप में गिरती हैं। यह वर्षा चक्र- या वर्षा फैक्टरी- प्रभावी रूप से लैटिन अमेरिका में प्रतिवर्ष लगभग 250 बिलियन डॉलर की कृषि अर्थव्यवस्था को पोषित करता है। तब सवाल उठता है- उरुग्वे, पैराग्वे, अर्जेंटीना और वास्तव में ब्राजील में माटो ग्रोसो राज्य अपनी अर्थव्यवस्था के इस महत्वपूर्ण इनपुट के लिए अमेजन राज्य को कितना भुगतान करते हैं? जवाब है शून्य, बिल्कुल शून्य। जब अमेजन वर्षा वन और इसके वर्षा चक्र द्वारा भारी मदद की जा रही है तो उसके बदले में कोई कीमत क्यों नहीं वसूली जा रही है? क्योंकि मूल्य वह है जिसका आप भुगतान करते हैं और आदर्श वे हैं जो आपको प्राप्त होते हैं- और प्रकृति किसी प्रकार की कीमत वसूलने के लिए कोई चालान नहीं भेजती है। यह प्रकृति की आर्थिक अदृश्य उदारता है। वैसे यह सिर्फ अमेजन के बारे में या वास्तव में वर्षा वनों के बारे में नहीं है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस स्तर पर देखते हैं, चाहे वह पारिस्थितिकी तंत्र स्तर, प्रजातियों का स्तर या आनुवंशिक स्तर हो, हम एक ही समस्या को बार-बार देखते हैं। प्रजातियों के स्तर पर देखे तो अनुमान बताते हैं कि मधुमक्खियों द्वारा फसलों के लिए प्रदान किए गए परागण का अनुमानित कुल मूल्य लगभग 200 बिलियन डॉलर है जो कृषि फसलों के कुल मूल्य के दसवें हिस्से के करीब है। फिर भी क्या आप बता सकते हैं कि आपको आखिरी बार 'परागण सेवाओं' के लिए मधुमक्खियों से चालान कब प्राप्त हुआ था? या यदि आप उत्पत्ति मूलक स्तर पर देखते हैं तो आज हम जिन दवाओं का उपयोग करते हैं उनमें से अधिकांश पहले वर्षा वन या चट्टानों में पाई गई थीं और फिर बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए उनके अणुओं को कारखाने में दोहराया गया था। प्रकृति की हर परत हमें कोई न कोई कीमती चीज दे रही है- उनमें से अधिकांश चीजें मुफ्त में हैं। यही मुफ्तखोरी समस्या का हिस्सा है। एक समाज के रूप में आजकल हमारी मानसिकता सार्वजनिक धन को मान्यता नहीं देती है। हम बाजारों के जादू से इतने मंत्रमुग्ध हैं कि हम मूल्य को समझने में तब तक विफल रहते हैं जब तक कि इसे आर्थिक शब्दों में (रुपयों में) व्यक्त नहीं किया जाता है और बाजार में कुछ कारोबार नहीं किया जाता है। हम में से कुछ स्वाभाविक रूप से प्रकृति के मूल्य को समझ सकते हैं लेकिन दुर्भाग्य से हमारी प्रणालियां इसे समझती नहीं हैं। इसका परिणाम यह है कि निर्णय नीतिगत स्तर, कार्यकारी और सूक्ष्म आर्थिक स्तर पर किए जा रहे हैं। ये लोग इसके लिए हर समय आदान-प्रदान किए जा रहे विशाल मूल्य से पूरी तरह से अनजान हैं- जो हमारी अर्थव्यवस्था का प्राकृतिक आधार है। यही असली चुनौती है। यह बात आज मेरे समक्ष दो प्रमुख प्रश्न उत्पन्न करते हैंः 'अदृश्य को दृश्यमान बनाने' से हम क्या अंतर्दृष्टि प्राप्त कर सकते हैं? यह अंतर्दृष्टि किन कार्यों को सूचित कर सकती है और किसके द्वारा?

पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता (दी इकॉनामिक्स ऑफ इकोसिस्टम एंड बॉयोडायवर्सिटी- टीईईबी) परियोजना के अर्थशास्त्र के एक अध्ययन के हिस्से के रूप में हमने देखा कि ब्राजील, भारत और इंडोनेशिया में अर्थव्यवस्था का कौन सा हिस्सा प्रकृति पर प्रभावशाली ढंग से निर्भर है, यह सकल घरेलू उत्पाद के कितने भाग को दर्शाता है और प्रकृति के अर्थशास्त्र और गरीबों के जीवन के बीच इसका क्या संबंध है। भले ही पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं से जो लाभ प्रकृति से मानवता को मुफ्त में मिलते हैं वे जीडीपी प्रतिशत के संदर्भ में बहुत बड़े नहीं थे- क्रमशः 10, 16 व 21 प्रतिशत थे। अगर हम यह मापते हैं कि वे गरीबों के लिए कितने मूल्यवान थे तो उत्तर 90 प्रतिशत, 84 प्रतिशत और 79 प्रतिशत आता है। अर्थात इसके परिणाम स्पष्ट थे- यदि हम प्रकृति को नष्ट करते हैं तो हम गरीबों की आजीविका को नष्ट करते हैं। यह एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है क्योंकि यदि आप विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति-पारिस्थितिक बुनियादी ढांचे को नष्ट करते हैं या उसे घटाने की अनुमति देते हैं जो गरीब ग्रामीण समुदायों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करता है तो आपके पास वास्तव में विकास के लिए एक उचित मॉडल नहीं हो सकता है। जिन कारणों से हम प्रकृति को खो रहे हैं, मेरी समझ में वह एक बुनियादी समस्या हैः सार्वजनिक लाभ और निजी मुनाफे के बीच अंतर को समझने में हमारी असमर्थता।

थाईलैंड का एक उदाहरण है जहां हमने पाया कि मैंग्रोव (मैंग्रोव एक छोटा पेड़ या झाड़ी है जो समुद्र तट के किनारे उगती है, इसकी जड़ें अक्सर पानी के नीचे नमकीन तलछट में होती हैं।) का मूल्य उतना नहीं है- नौ वर्ष पूर्व की कीमत से लगभग 600 डालर अधिक है। इसके बजाय झींगा फार्म के रूप में इसका मूल्य (कृषि लाभ का 9,600डालर) है। इस अंतर के कारण मैंग्रोव को कम करने और उन्हें झींगा फार्म में बदलने की क्रमिक प्रवृत्ति रही है। यदि आप देखें कि वे लाभ वास्तव में क्या हैं तो उन डॉलरों में से लगभग 8,000 वास्तव में सब्सिडी के रूप में हैं। इसके अलावा यदि आप इस बात का हिसाब रखते हैं कि नमक और रासायनिक जमाव के प्रभाव होने के बाद भूमि को उत्पादन योग्य उपयोग में वापस लाने में कितना खर्च होता है तो इस पर करीब 9,300 डालर खर्च होते हैं। फिर, यदि आप तूफानों से संरक्षण, मत्स्य पालन और मछली नर्सरी के संदर्भ में मैंग्रोव के अदृश्य लाभों को महत्व देते हैं तो यह खर्च 12,000 डालर हो जाता है। इसलिए यदि इसे आप निजी मुनाफे के नजरिए से न देखते हुए सार्वजनिक धन के समग्र दृष्टिकोण से देखेंगे तो आपको पूरी तरह से एक अलग जवाब मिलता है कि विनाश की तुलना में मैंग्रोव संरक्षण में स्पष्ट रूप से अधिक आर्थिक समझदारी है।

# आस्था है, तो कराइए मंदिरों में जेबें ढीली

पुष्परंजन

**पीईडब्ल्यू** रिसर्च सेंटर ने चर्च टैक्स के हवाले से 2022 के अंत में 15 देशों का सर्वे कराया था। कुछ सूचनाएं चौंकाने वाली थी, जिसमें सबसे ऊपर ये कि ईसाई मतावलंबियों में से कुछ ने अपने धर्म का परित्याग कर स्वयं को नास्तिक घोषित कर दिया। तो क्या भारत में भी धर्मभीरू आबादी का एक छोटा सा हिस्सा नास्तिकता की तरफ बढ़ेगा? एक गरीब आदमी जो अपने बाल-बच्चों के साथ माता-पिता को दर्शन कराने लाएगा, उसके तीन से पांच हजार रुपये सिर्फ बाबा के दरबार में इंट्री पर खर्च हो जायेगा। काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा की आरती करना इस साल और महंगा हो गया है। अब भक्तों को बाबा विश्वनाथ की मंगला आरती करने के लिए 350 रुपए की जगह 500 रुपए चुकाने होंगे। यानी पहले से 150 रुपये अधिक। सप्त ऋषि आरती, श्रृंगार भोग आरती और मध्याह्न भोग आरती के टिकट में भी 120 रुपये की वृद्धि की गई है। इन आरती के लिए 180 की जगह 300 रुपए देने होंगे। यह नया रेट 1 मार्च 2023 से लागू हो चुका है। भक्तों से मुद्रा-मोचन की यही व्यवस्था उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में लागू है। 1500 रुपए शुल्क चुकाइये, गर्भगृह में जाकर महादेव का जलाभिषेक कीजिए। इसके लिए जजमान को पंडे-पुजारियों के साथ जाने की जरूरत नहीं रहेगी। काबा की चर्चा करेंगे कभी, काशी में बाबा का दर्शन करना है, तो मोटा पैसा चुकाइए। उज्जैन में महाकालेश्वर के दर्शन के लिए 250 रुपए शुल्क देकर कतार में लग जाइये। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि रुद्राभिषेक के टिकट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके टिकट की कीमत 450 रुपए से लेकर 2600 रुपये, और उससे भी अधिक है। यह अंतर महाकालेश्वर की अर्चना कराने वाले शास्त्री की संख्या के आधार पर बदलती रहती है। सिर्फ एक शास्त्री के साथ रुद्राभिषेक में 450 रुपए लगेंगे। वहीं, 11 शास्त्री के साथ रुद्राभिषेक में 5500 रुपए लिए जाएंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने बताया कि 2018 में दर्शन शुल्क को शत-प्रतिशत लागू किया गया था। 2018 से पहले मंगला आरती में जाने वालों से शुल्क लिया जाता था, लेकिन वह शत-प्रतिशत लागू नहीं था। जिसकी इच्छा होती थी वह कूपन लेता था, और आगे की लाइन में खड़ा होकर बाबा की आरती देखता था। यों, बिना कूपन वालों को भी मनाही नहीं होती थी। अब सभी के लिए समान शुल्क लागू है। डॉ. सुनील वर्मा ने बताया कि चार साल बाद यह रेट 350 से बढ़ाकर 500 रुपए किया गया है। दर्शन शुल्क 180 से बढ़ाकर 300 रुपये किया गया। क्योंकि इस शुल्क से मंदिर रख-रखाव जैसे तमाम कार्य कराए जाते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ी है, तो आय में भी वृद्धि हुई है, इस सच से इंकार नहीं कर सकते।

न्यास बोर्ड के सीईओ ने बताया कि बाबा विश्वनाथ मंदिर को 2022-23 में 105 करोड़ रुपये दानस्वरूप मिला है। इस साल का बजट 40 करोड़ रुपए तय किया गया है। इतना ही नहीं, बोर्ड द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर में पूरे साल के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किए जाने के लिए कैलेंडर तैयार किया जाएगा। एक इंटरनल कमेटी का गठन कर ट्रस्ट की डायरी मार्च महीने में छपवाने की तैयारी की जा रही है।

बाबा देखते-देखते कारपोरेट व्यवस्था से नियंत्रित हो गये। विश्वनाथ मंदिर के समीप रहने वाले मनीष मर्तोलिया कहते हैं, 'धर्म का मूल स्वभाव सेवा है। परिसर को धर्मशाला मुक्त करके होटल युक्त कर दिया। अन्नक्षेत्र की जगह 'फूड कोर्ट' बना दिया गया है। मंदिर का सेवा भाव कब का समाप्त हो चुका। पहले अमीर-गरीब एक साथ खाना खाते थे। अब अमीर फूड कोर्ट में बैठकर खाना खा रहे हैं, गरीबों का ठिकाना गली-कूचे में या कहीं और है। दर्शनार्थियों के लिए बने नये-नवेले होटलों का किराया आम आदमी के बटुए से बाहर हो चुका है।'

## डिजिटल क्रांति और परेशानियां

संजीव

**21वीं** सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं।

# फटाफट खबरें

## महिला दिवस पर होंगी प्रतियोगितायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट ने बैडमिंटन की महिला प्रतियोगिता सिंगल्स डबल में 13 मार्च को एथलेटिक, 14 मार्च को शॉटपुट, डिस्कस, जैवलिन, लंबी कूद, 15 मार्च को कबड्डी प्रतियोगिता, 16 मार्च को टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता, 17 मार्च को सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

शनिवार को क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि विजेताओं को मैडल दिये जाएंगे। जो भी स्कूल-कॉलेज, संस्था महिला-बालिकाएं इसमें भाग लेना चाहती हैं, वह निर्धारित तिथियों में पूर्वान्ह 11 बजे आकर भाग ले सकते हैं। ज्यादा जानकारी को स्पोर्ट स्टेडियम में एथलेटिक प्रशिक्षक अंगद से संपर्क कर सकते हैं।

## अलग-अलग सडक हादसों में नौ घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अलग-अलग सडक हादसों में नौ लोगों की घायल होने की खबर मिली है। इलाज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शनिवार को बांदा जिले के गायत्रीनगर के सुमित गुप्ता (26) पुत्र संतलाल, दीपू साहू (24) पुत्र बृजलाल, रितिक (26) पुत्र रामबिहारी बीती शाम रिश्तेदारी में जिला मुख्यालय आये थे। लौटते समय हादसे में घायल होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराये गये।

इसी क्रम में कवीर्माफी के राजकुमार पुत्र गोविन्द प्रसाद, कर्वी के ही भरतपुरी के रवि कुमार पुत्र लोकनाथ, बनाडी गांव के राजेन्द्र प्रसाद पुत्र ज्ञान, मुख्यालय के सुभाष पुत्र खुनखुन, शंकर बाजार के पंकज पुत्र रमेशचन्द्र गुप्ता, सरधुआ थाना क्षेत्र के दरसेडा गांव के जितेन्द्र पुत्र श्याममन सडक हादसे में घायल हो गये। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जिला अस्पताल के डॉ बीएस द्विवेदी ने बताया कि घायलों की हालत ठीक है। जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों की हालत में सुधार हो रहा है। हालत बिगडने पर इलाहाबाद रेफर किया जायेगा।

## शोभन आश्रम में संदिग्ध दशा में साधु की हुई मौत



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाना क्षेत्र स्थित शोभन सरकार आश्रम में आठ दिन पहले आये युवक की हालत बिगडने पर आश्रम के लोग उसे जिला अस्पताल लाये। यहां इलाज दौरान उसकी मृत्यु होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। सूचना मिलने पर परिजनों के होश उड गये।

ये हादसा शोभन सरकार आश्रम में कल हुआ। बताया गया कि आश्रम में आठ दिन पहले कन्नौज के ठेठिहा थाना क्षेत्र के होलेपुर गांव का रमन स्वामी (37) पुत्र सतीशचन्द्र मिश्र आया था। वह एक कमरे में रहकर पूजा-भजन करता था। आश्रम के साधु राजकुमार ने बताया कि जब से वह आश्रम आया था, तभी से खुद को कमरे में बन्दकर केवल गांजा पीता था। खाना नहीं खाता था। बीती देर शाम कमरे से उसके चिल्लाने की आवाज आई तो देखा कि बेहोश पडा है। उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लाया गया। यहां इलाज दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

मृतक के भाई अनूप मिश्रा व आशीष मिश्रा शुक्रवार को देर शाम जिला अस्पताल पहुंचे। बताया कि तीन भाइयों में मृतक दूसरे नम्बर का था। 15 वर्ष की उम्र में सन्यास धारण कर घर से चला गया था। कुछ समय तक मथुरा जिले के करवा में रहता था। कभी-कभार फोन से बात होती थी। इधर, एक माह से कोई सम्पर्क नहीं हुआ। बहिलपुरवा थाना प्रभारी गुलाब सोनकर ने बताया कि परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। आश्रम के कुछ लोगों ने मौत का कारण जहर खाना बताया है। पोस्टमार्टम बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## नकली नोट छापने के मामले में फरार चल रहे गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**फिरोजाबाद,।** नकली नोट छापने के मामले में शिकोहाबाद थाना पुलिस और एसओजी टीम ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वह नकली नोट छापने के मामले में फरार चल रहा था। उसके साथी सदस्य पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके थे।

शिकोहाबाद सीओ देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्टेशन रोड से एक संदिग्ध युवक को टीम ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना नाम बलारपुर निवासी रामसंत बताया। वह जाली नोट छापने वाले गिरोह का सदस्य है, जो पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। सीओ ने बताया कि नौ जनवरी को टीमों ने जनपद आगरा के बाह थाना क्षेत्र इलाके में छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया था। इस दौरान भारी संख्या में नकली नोट, प्रिंटर, कागज और अन्य उपकरण बरामद हुए थे। सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया था। फरार अन्य लोगों की तलाश में टीम दबिश दे रह थी। तभी पिछले सप्ताह एक आरोपी सोनू पंडित ने कोर्ट में सरेंडर किया। अभियुक्त इसी गिरोह का सदस्य है, जो फरार चल रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया।

## करंट की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

**मीरजापुर।** जमालपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासिनी विवाहिता की शनिवार शाम पंखा चालू करने के लिए स्विच दबाने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। जमालपुर निवासी वंदन केशरी की 24 वर्षीय पत्नी पूजा शाम को लगभग पांच बजे अपने कमरे में लगे पंखे को चालू करने के लिए बोर्ड में लगे स्विंच को दबाया। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गई। आनन-फानन में परिजन उसे निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वाराणसी जनपद के बाबतपुर निवासी मायके वालों को मृतका की मौत की सूचना परिजन ने फोन से दी। पुलिस को अभी तक सूचित नहीं किया गया है।

# निखत के जेल पहुंचते ही खिदमत को पहुंचते थे जेलर-डिप्टी जेलर

## फिर वार्डर कमरे में पहुंचाता था



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विधायक अब्बास अंसारी और निखत बानो के मामले में होली के दो दिन तक जांच नहीं हो सकी। अब फिर से कार्रवाई शुरू हो गई है। एसआईटी को पूछताछ में पता चला है कि जेलर-डिप्टी जेलर निखत के आते ही गेट व बैरक के पास पहुंचते थे। इसके बाद चर्चित वार्डर कमरे तक लाने का काम संभालता था।

जिला जेल मामले को लेकर विवेचना होली के बाद फिर से शुरू हो गई है। एसआईटी ने एक माह दस दिन का जेल गेट से लेकर विधायक अब्बास अंसारी के बैरक के पास लगने वाली डयूटी का विवरण एकत्र किया है। इसके बाद ड्यूटी वाले अधिकारियों व कर्मचारियों से पूंछताछ की गई।

इसमें यह सामने आया कि जिस दिन निखत के जेल में आने का समय होता था, तो गेट व बैरक के पास पहले से तैनात डयूटी वाले अधिकारी-कर्मचारी के अलावा जेलर, चर्चित वार्डर व डिप्टी जेलर खुद गेट और बैरक के पास आ जाते थे। दस फरवरी को जिला जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के पुत्र विधायक अब्बास अंसारी से गैरकानूनी ढंग से मिलने के आरोप में उसकी पत्नी निखत बानो व सहयोगी चालक नियाज को पकड़ा गया था। नियमों का उल्लंघन करने व आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी के बाद से एसटीएफ व एसआईटी की जांच जारी है। इसमें जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर, वार्डर के अलावा निखत का सहयोग करने वाले सपा नेता व कैंटीन सप्लायर को पुलिस विवेचना के आधार पर जेल भेज चुकी है। होली में दो दिन तक मामले की विवेचना नहीं हो सकी, लेकिन टीम अन्य संदिग्ध वार्डर व कर्मचारियों का डाटा एकत्र किया गया।

उनके मोबाइल की जांच की गई है। उनके ड्यूटी वाले स्थान पर सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से जानकारी एकत्र की गई। बताया गया कि शुक्रवार को जांच टीम ने फिर से आगे की कार्रवाई शुरू की है।

निखत के जेल में पति अब्बास से गैरकानूनी ढंग से मिलने के दौरान एक जनवरी से दस फरवरी के बीच तैनात कर्मचारियों का ड्यूटी चार्ट मांगा गया है।

इन कर्मचारियों से पूरे मामले की जानकारी मांगी गई। सूत्रों के अनुसार कुछ कर्मचारियों ने बताया कि उनकी अलग-अलग दिनों में ड्यूटी लगती थी। इन्होंने बताया कि जब निखत या विधायक से मिलने कोई अन्य गैरकानूनी तरीके से आता था, तो दो घंटे के लिए इन स्थानों पर जेल के कुछ विशेष डिप्टी जेलर, वार्डर पहुंच जाते थे। उनसे ड्यूटी पर चुप रहने की हिदायत दी जाती थी। इन कर्मचारियों ने खुद को बचाने का प्रयास किया, लेकिन इसमें हिस्सेदारी मिलने के सवाल पर चुप्पी साध ली। सूत्रों के अनुसार इनमें से कुछ ने बताया कि चर्चित वार्डर इस भूमिका में सबसे प्रमुख पार्ट निभाता था। जेल के चर्चित वार्डर जगमोहन का दबदबा ऐसा था कि शुक्रवार को जब पूंछताछ हो रही थी, तो कई कर्मचारी उसका नाम लेने से कतरा रहे थे। कुछ ने स्पष्ट कहा कि उसे जरूर कोई राजनैतिक संरक्षण था इसके कारण जेल के अधिकारी भी उसकी बात मान जाते थे।

गौरतलब है कि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसके बारे में जांच टीम ने माना है कि जिस दिन डीएम एसपी का जेल में छापा पड़ा था उस दिन यही वार्डर विधायक अब्बास को डिप्टी जेलर के कमरे से लेकर बैरक में पहुंचा दिया था।

# टीकाकरण में प्रगति न होने पर नपेंगे जिम्मेदार: डीएम

## डीएम ने की टास्क फोर्स की बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कैम्प कार्यालय में विशेष टीकाकरण पखवाड़ा अभियान के तीसरे चरण 13 से 24 मार्च तक के प्रभावी क्रियान्वयन को जिला स्तरीय टास्क फोर्स समन्वय समिति को निर्देश दिये मिजिल्स रूबेला उन्मूलन को नियमित टीकाकरण 13 से 24 मार्च तक तीसरे चरण के विशेष टीकाकरण पखवाड़ा में करें।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शुक्रवार को कैम्प कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आशा, एएनएम को लगाकर बच्चों को चिन्हित कर सही ढंग से सूची बनाई जाये। इस अभियान का प्रचार-प्रसार भी करायें। सेशन के एक दिन पहले प्रधानों व अन्य जनप्रतिनिधियों से संपर्क करके बैठक करें। बुलावा पर्ची का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराकर टीकाकरण अभियान को शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। मुख्य चिकित्साधिकारी तथा अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि जो सूची बनाई जाए, उसमें आप लोग भी रैंडम चेकिंग करके अवगत करायें। ई-कवच की फीडिंग सही ढंग से कराई जाए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि तीसरे चरण के बाद समीक्षा करायें। इसमें प्रभारी चिकित्साधिकारियों के प्रगति न कराने पर संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही को शासन को पत्र भेजा जाए।

ऐसा न करने पर वह जिम्मेदारी तय करके संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करेंगे। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि जो पिछला टीकाकरण अभियान में बच्चे छूट गए हैं उन्हें इस अभियान में टीकाकरण करायें। कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। सभी लोग सुनिश्चित कर लें कि अभियान दौरान टीकाकरण अवश्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को निर्देश दिए कि शासन से अभियान के जो निर्देश मिले हैं उसी के अनुसार कार्य योजना बनाकर कार्य करें। पिछले टीकाकरण में डब्ल्यूएचओ के निरीक्षण में जहां कमियां मिली हैं, उन्हें कवर किया जाये।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधीर कुमार शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके चैरिहा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लालजी यादव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया समेत संबंधित अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरबाइक समेत तीन दबोचे



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सरधुआ थाना पुलिस ने चोरी की मोटरबाइक समेत एक चोर को दबोचा है। गनीवा चैकी पुलिस ने दस लीटर महुआ शराब समेत एक को गिरफ्तार किया है।

शनिवार को सरधुआ थाने के थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम में मलई पुत्र धुन्नू निषाद निवासी मुबारकपुर थाना महेवा घाट जिला कौशाम्बी को चोरी की मोटरबाइक प्लेटिना नम्बर यूपी 90ई-4896 के साथ दबोचा है। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर आरोपी को जेल भेजा है। टीम में दरोगा अनिल गुप्ता, सिपाही धर्मेन्द्र कुमार व महेन्द्र कुमार शामिल रहे।

इसी क्रम में गनीवा पुलिस चैकी के प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह की टीम ने दिलीप सोनकर पुत्र बब्बू सोनकर निवासी भैरमबाबा हनुमानगंज टोला थाना राजापुर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब बरामद की है। आबकारी अधिनियम में उसका चालान किया है। टीम में दरोगा के साथ सिपाही पवन कुमार शामिल रहे। इसी क्रम में पहाडी थाने के दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय की टीम ने अपहता को बरामद कर वांछित धीरज सिंह पुत्र रोशन सिंह निवासी नांदिन का पुरवा थाना मंझनपुर जिला कौशाम्बी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। टीम में दरोगा के साथ सिपाही अनिकेत व महिला सिपाही रानी देवी शामिल रही।

# तालमेल से करायें भूमि संबंधी मामलों का निस्तारण: डीएम

## थाना समाधान दिवस में डीएम ने दिये निर्देश




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में कोतवाली कर्वी में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर निस्तारण कराया गया। लंबित मामलों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिये। शनिवार को कोतवाली कर्वी में समाधान दिवस में मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने शिकायतकताओं का पक्ष सुनते हुए शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण को आपसी तालमेल से निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कर्वी कोतवाल दीपेंद्र कुमार सिंह को निर्देश दिया कि जो लोग रास्ते में गाड़ी खड़ी करते हैं, आवागमन बाधित होता है उनका चालान कराएं। थाना दिवस के क्रम में जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने अपने-अपने सर्किल/ थाने में समाधान दिवस आयोजित कर थाने आए फरियादियों की समस्यायें सुनी। प्राप्त मामलों की जांच करते हुए जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। शेष मामलों के विधिक निस्तारण को राजस्व और पुलिस विभाग की टीम को मौके पर भेजकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राजबहादुर, नायब तहसीलदार मंगल सिंह, कोतवाल कर्वी दीपेंद्र कुमार सिंह समेत संबंधित अधिकारी, कानूनगो, लेखपाल मौजूद रहे।

# अयोध्या : भाजपा महिला मोर्चा की 12 मार्च को प्रदेश कार्यसमिति बैठक



**अयोध्या।** भाजपा महिला मोर्चा की द रामायना होटल मे रविवार को आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों का निरीक्षण मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. कृतिका अग्रवाल ने किया। उनके साथ प्रदेश मंत्री डॉ. ममता पाण्डेय भी रहीं। उन्होंने तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दिये। बैठक में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन, यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का आगमन होगा।

महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री डॉ. ममता पाण्डेय ने बताया कि कार्यकताओं का सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा में है। कार्यकताओं के मेहनत की बदौलत भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव के साथ भाजपा का कार्यकर्ता समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों के आगमन को लेकर जिले की महिला मोर्चा की कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। पदाधिकारियों के स्वागत हेतु शहर के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगाई गयी है। इसके साथ ही द्वार भी बनाए जा रहे हैं। 12 मार्च को सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक कार्यसमिति आयोजित की जायेगी। इसमें सुबह नौ से 10 बजे तक आने वालों का पंजीकरण होगा।

# पातालेश्वर मंदिर में महिलाओं ने खेली सामूहिक होली




**हमीरपुर।** स्थानीय पातालेश्वर मंदिर में शनिवार को महिलाओं ने सामूहिक रूप से खेलकर रंग और गुलाल उड़ाया। शाम तक मंदिर में महिलाओं की होली धूम मची रही। अमनशहीद हमीरपुर निवासी पुष्पा द्विवेदी ने आज पातालेश्वर मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन कराया। जिसमें पटकाना, नौबस्ता, मिश्राना व कजियाना समेत शहर के तमाम इलाके से बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यक्रम का हिस्सा बनी। पहले पातालेश्वर मंदिर मेंविराजमान भगवान भोले नाथ और अन्य देवी देवताओं को महिलाओं ने रंग गुलाल लगाया फिर ढोल मजीरे की धुन में होली के गीत गाए गए। तमाम महिलाओं ने कार्यक्रम में रंग गुलाल उड़ाते हुए डांस भी किया। होली मिलन समारोह में नन्ने मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण और सुदामा बनाकर धमाल करते नजर आए। बच्चों के साथ महिलाओं ने भी डीजे के धुन में नृत्य किया।

## चीन के खिलाफ़ शिमला में तिब्बती समुदाय का प्रदर्शन

**शिमला।** तिब्बतियों के राष्ट्र विद्रोह की 64वीं वर्षगांठ की याद में आज क्षेत्रीय तिब्बतियन युवा कांग्रेस ने शिमला में चीन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ शेर ए पंजाब से डीसी कार्यालय तक रोष मार्च निकाला। इस दौरान तिब्बती समुदाय के लोगों ने चीन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तिब्बत की आज़ादी की मांग की। इस मौके पर क्षेत्रीय तिब्बतीन युवा कांग्रेस का सदस्य दोरजे तेलसिन ने कहा कि आज के दिन चीन ने तिब्बत पर कब्जा किया था। वर्ष 1959 में दलाईलामा को तिब्बत के धार्मिक व आध्यात्मिक नेता को अपने सरकारी मन्त्रियों की परिषद के साथ भारत में पलायन होने को मजबूर होना पड़ा था। चीन तिब्बत में लगातार अत्याचार कर रहा है जिसके खिलाफ़ आज देश और दुनिया भर में तिब्बती समुदाय के लोग विरोध जाहिर कर रहे हैं। तिब्बती समुदाय के लोग देश की आज़ादी की लड़ाई लड़ रहा है जिसमें भारत सरकार और आम लोगों से भी साथ देने का आह्वान किया जा रहा है।

## लोगों को बंधक बनाने वाला संदिग्ध गिरफ्तार, किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं

**जर्मनी।** जर्मनी की पुलिस की एक विशेष इकाई ने दक्षिण-पश्चिमी शहर कार्लजूए के एक फार्मेसी में लोगों को घंटो बंधक बनाकर रखने वाले संदिग्ध को पकड़ लिया है। इसके अलावा उन्होंने एक अन्य व्यक्ति को भी पकड़ा है। इस पूरे घटना के दौरान शहर को बंद कर दिया गया था। यह घटना हैमबर्ग के यहोवा में विटनेस हॉल में भगदड़ मचने के बाद हुई। शाम के करीब साढ़े चार बजे फार्मेसी में कर्मचारियों के प्रवेश के बाद ही कई धमाकों की आवाजें आई। जिसके बाद पुलिस को खबर दी गई और रात के साढ़े नौ बजे के करीब पुलिस की एक विशेष इकाई ने फार्मेसी नें घुसकर धमाका करने वाले संदिग्ध को पकड़ लिया। जर्मन के एक अखबार स्टटगार्टर जाईतुंग के सुचना के अनुसार दो लोगों को बंधक बनाने के साथ एक मिलियन यूरो फिरौती के तौर पर मांगी गई थी। इसपर पुलिस प्रवक्ता ने किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। हालांकि, इससे पहले जर्मनी के बिल्ड अखबार ने खबर दी थी कि पुलिस कथित तौर पर बंधक बनाने वाले के संपर्क में है। पुलिस के अनुसार कई लोगों को बंधक बनाया गया था। बता दें कि कार्लजूए, फ्रांसीसी सीमा से ज्यादा दूर नहीं है। इस शहर में लगभग 300,000 लोग रहते हैं और जर्मनी की सर्वोच्च अदालत, संघीय न्यायालय भी यहीं स्थित है। इस घटना के बाद फार्मेसी की अच्छे से तलाशी ली गई, जहां किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

## पाक ने उठाया एक साल पुराना मामला, भारत से संयुक्त जांच की मांग दोहराई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक साल बाद फिर पुराने मामले को उठाया है। पाकिस्तान ने भारत द्वारा गलती से सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल दागे जाने की संयुक्त जांच की अपनी मांग दोहराई और एक साल पहले हुई इस घटना पर नई दिल्ली से संतोषजनक प्रतिक्रिया मांगी। इस्लामाबाद के विदेश कार्यालय ने राजस्थान के सूरतगढ़ से ब्रह्मोस मिसाइल दागे जाने और 9 मार्च, 2022 को पाकिस्तानी क्षेत्र में गिरने के एक साल पूरा होने पर एक बयान जारी किया।हालांकि, भारत ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए भारतीय वायुसेना के तीन अधिकारियों की सेवाओं को पिछले साल अगस्त में समाप्त कर दिया था। एक कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) के दौरान पता चला था कि उनके द्वारा मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) में विचलन के कारण गलती से मिसाइल दागी गई थी।

पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि एक वर्ष बीत जाने के बावजूद, भारत सरकार ने इस गंभीर घटना के तथ्यों को सटीक रूप से स्थापित करने के लिए संयुक्त जांच की पाकिस्तान की मांग को स्वीकार नहीं किया है। साथ ही भारत ने अपनी आंतरिकि जांच के निष्कर्षों को भी पाकिस्तान के साथ साझा नहीं किया है। विदेश कार्यालय ने आरोप लगाया कि भारत ने एकतरफा और जल्दबाजी में तथाकथित आंतरिक जांच को बंद कर दिया, जिसने भारत में उसके सामरिक हथियारों के लिए मौजूद कमांड और कंट्रोल सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान इस गैरजिम्मेदाराना घटना की संयुक्त जांच की अपनी मांग दोहराता है। आगे कहा गया है कि हम परमाणु वातावरण में मिसाइलों के आकस्मिक या अनधिकृत लॉन्च के खिलाफ सुरक्षा प्रोटोकॉल और तकनीकी सुरक्षा उपायों के संबंध में कई मूलभूत सवालों के संतोषजनक जवाब और स्पष्टीकरण की भी उम्मीद करते हैं। विदेश कार्यालय ने कहा कि मिसाइल ने मानव जीवन और संपत्ति को खतरे में डाला और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा पैदा किया।

## अमेरिकी संसद में विधेयक पारित : सार्वजनिक होगी कोरोना वायरस की उत्पत्ति से जुड़ी गोपनीय जानकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया एजेंसियों द्वारा जुटाई गई कोरोना वायरस की उत्पत्ति से जुड़ी गोपनीय जानकारी जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। अमेरिकी संसद में इस आशय का विधेयक पारित किया गया है।

संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (प्रतिनिधि सभा) में विधेयक पेश कर मांग की गई कि चीन के वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी और कोरोना वायरस की उत्पत्ति के बीच संबंधों से जुड़ी गोपनीय जानकारी सार्वजनिक की जाए। इस विधेयक को लेकर सत्तारूढ़ डेमोक्रेट और विपक्षी रिपब्लिकन सांसद एक साथ दिखे और यह विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। अमेरिकी सांसदों की मांग है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने इस महामारी को लेकर जो भी जानकारी जुटाई है, उसे राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से सार्वजनिक कर दिया जाए। अब यह विधेयक अमेरिकी राष्ट्रपति के



पास भेजा जाएगा। वह तय करेंगे कि खुफिया एजेंसियों द्वारा इस मामले पर जुटाई गई जानकारी को जारी किया जाना है या नहीं। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से यह विधेयक पारित होने के बाद अब अमेरिकी संसद के दोनों सदनों से यह प्रस्ताव पारित हो चुका है। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट में भी एकमत से यह प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। उस प्रस्ताव में मांग की गई थी कि अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया सेवा के निदेशक एवरिल हेन्स कोविड की उत्पत्ति और चीन के कनेक्शन से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करें।

कुछ दिन पहले अमेरिकी ऊर्जा मंत्रालय की रिपोर्ट में भी अंदेशा जताया गया था कि कोरोना वायरस चीन के वुहान की एक लैब से निकला है। इसके बाद अमेरिका की घरेलू एजेंसी एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर व्रे ने भी कोरोना वायरस के वुहान में लैब में हुई घटना से निकलने की बात कही थी।

## अमेरिका में आर्थिक संकट: शीर्ष सोलह बैंकों में शामिल सिलिकॉन वैली बैंक बंद

**वाशिंगटन।** अमेरिका भी आर्थिक संकट से दो-चार हो रहा है। देश के शीर्ष सोलह बैंकों में शामिल सिलिकॉन वैली बैंक को बंद कर दिया गया है। तकनीकी स्टार्ट अप को कर्ज देने के लिए प्रसिद्ध सिलिकॉन वैली बैंक के वित्तीय संकट का असर पूरी दुनिया के शेयर बाजारों में हुआ और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

अमेरिका में नया बैंकिंग संकट शुरू हो गया है। वहां की शीर्ष 16 बैंकों में शुमार सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) को नियामक ने तत्काल बंद कर दिया है। तकनीकी स्टार्टअप को कर्ज देने के लिए मशहूर एसवीबी फाइनेंसियल ग्रुप के संकट ने पूरी दुनिया के शेयर बाजारों में शुक्रवार को हलचल मचा दी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में गिरावट आ गई। यहां वित्तीय संकट की




खबरें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कैलिफोर्निया के बाद अब सिलिकॉन वैली बैंक का संकट सामने आया है। जमाकर्ताओं का धन सुरक्षित करने के लिए अमेरिकी बैंकिंग नियामक ने सिलिकॉन वैली बैंक को तत्काल बंद कर दिया है। बैंकिंग नियामक की ओर से जारी बयान में कहा गया कि संघीय जमाकर्ता बीमा निगम को सिलिकॉन वैली बैंक का रिसीवर नियुक्त किया गया है। अब इस बैंक की 210 अरब डॉलर की संपत्तियों को बेचा जाएगा। संघीय जमाकर्ता बीमा निगम ने एक बयान जारी कर कहा कि सिलिकॉन वैली बैंक की सभी शाखाएं 13 मार्च को खुलेंगी और सभी निवेशक अपने खाते का संचालन कर सकेंगे।

इस घटनाक्रम के बाद सिलिकॉन वैली बैंक के शेयरों में 66 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गयी। इस कारण पूरी दुनिया में बैंकों के शेयरों में गिरावट देखी गयी। इस संकट का असर भारतीय स्टार्ट अप की दुनिया पर भी पड़ सकता है। सिलिकॉन वैली बैंक ने पेटीएम, नापतोल, ब्ल्यूस्टोन जैसे 21 स्टार्टअप में निवेश कर रखा है। कई वेंचर कैपिटल कंपनियों का भी सिलिकॉन वैली बैंक से समझौता है। ऐसे में भारतीय बाजार में भी इस बैंक के बंद होने से हलचल देखी जा सकती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री प्रचंड के खिलाफ दायर याचिका पर लिखित जवाब देने का दिया आदेश

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के खिलाफ दायर याचिका पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आज शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के जज ईश्वर खातीवाड़ा की सिंगल बेंच ने 15 दिन के अंदर लिखित जवाब देने का आदेश दिया है । यह आदेश प्रचंड द्वारा 10 साल की सशस्त्र गतिविधियों के दौरान मारे गए लोगों में से केवल 5000 लोगों की जिम्मेदारी लेने के लिए दायर याचिका पर जारी किया गया है। याचिकाकर्ता ज्ञानेंद्र राज अरण और अन्य ने जब वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री प्रचंड के विवादित बयान के खिलाफ याचिका दायर करने की कोशिश की तो कोर्ट ने इसे दायर करने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछले सप्ताह याचिका दायर करने के आदेश के बाद इसे दायर किया गया। रिट पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से बहस कर रहे वकीलों ने अंतरिम आदेश की मांग की लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रचंड के बयान को लेकर दायर याचिका के बाद नेपाल के राजनीतिक परिदृश्य में खलबली मच गई है। माओवादी विचारधारा के नेताओं ने हाल ही में एकता और विकास के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठकें शुरू की हैं।

## ब्रिटेन में बर्फीले तूफान स्टॉर्म लारिसा का कहर, ट्रेनें बंद

**लंदन।** ब्रिटेन में आए बर्फीले तूफान के कारण कई ट्रेनों को रद्द करने के साथ कुछ स्कूलों को भी बंद कर दिया गया है। एक प्रमुख राजमार्ग पर लोग घंटों फंसे रहे। यह तूफान एक सप्ताह में दूसरी बार आया है। स्टॉर्म लारिसा नाम के इस बर्फीले तूफान ने देश के अधिकांश हिस्सों में आंधी और बर्फबारी ने नुकसान पहुंचाया।

मेट ऑफिस मौसम एजेंसी के एक मौसम विज्ञानी एलेक्स बर्किल ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र उत्तरी इंग्लैंड और उत्तरी वेल्स है, जहां 50 मील प्रति घंटे (80 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ एक फुट (30 सेंटीमीटर) बर्फ भी गिरी। कुछ ड्राइवर उत्तरी इंग्लैंड में एम-62 राजमार्ग पर ट्रैफिक के रुकने के बाद कारों में सात घंटे से अधिक समय तक फंस रहे।

मध्य इंग्लैंड के पीक जिले में कई सड़कें दुर्गम थीं और मैनचेस्टर और शेफील्ड शहरों को जोड़ने वाली रेल भी ट्रैक पर पेड़ों के गिरने से बंद हो गई थी।



**मेट ऑफिस मौसम एजेंसी के एक मौसम विज्ञानी एलेक्स बर्किल ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र उत्तरी इंग्लैंड और उत्तरी वेल्स है, जहां 50 मील प्रति घंटे (80 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ एक फुट (30 सेंटीमीटर) बर्फ भी गिरी।**

बर्फ़ीली आर्कटिक हवा ने इस सप्ताह तापमान को स्कॉटिश हाइलैंड्स में शून्य से 16 डिग्री सेल्सियस (3 फारेनहाइट) तक कम कर दिया है। मौसम कार्यालय ने कहा कि देश के लिए वसंत ऋतु में ठंड का अनुभव करना सामान्य बात है, लेकिन बर्फीले तुफान से हालात खराब हो गए हैं। मौसम विभाग ने कहा कि ब्रिटेन में दिसंबर की तुलना में मार्च में मामूली रूप से अधिक हिमपात की संभावना है।

## अमेरिका के 6.9 ट्रिलियन डॉलर के बजट में अमीरों से अधिह टैक्स वसूलने का प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने वर्ष 2024 के लिए 6.9 ट्रिलियन डालर का वार्षिक बजट पेश किया है। बजट में अमीरों पर कर बढ़ाने के साथ ही सामाजिक सरोकारों पर बड़े पैमाने पर खर्च और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर निवेश का प्रस्ताव किया है।

बजटीय प्रस्तावों में अमेरिकी आबादी 0.01 फीसदी सर्वाधिक अमीर परिवारों पर 25 फीसदी न्यूनतम कर लगाने, कार्पोरेट आयकर दर को 21 फीसदी से बढ़ाकर 28 फीसदी करने का प्रस्ताव आदि शामिल हैं। फिलाडेल्फिया में एक रैली में बाइडन ने कहा कि किसी भी अरबपति को एक स्कूली शिक्षक या आप में से किसी से कम कर का भुगतान नहीं करना चाहिए। इसलिए मेरी योजना यह सुनिश्चित करने की है कि वह अपने उचित हिस्से का भुगतान करना शुरू कर दें। वहीं, रिपब्लिकन की ओर से राष्ट्रपति पद की दावेदारी पेश करने वाली भारतवंशी निक्की हेली ने बजटीय प्रस्तावों के लिए बाइडन की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि



यह प्रस्ताव समाजवादी और अमेरिका के लिए आपदा के समान है। बाइडन ने बजट प्रस्ताव में पाकिस्तान आर्थिक सहायता निधि को दोगुना करने का प्रस्ताव किया है। बजट में अक्टूबर से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष 2024 के लिए आर्थिक सहायता कोष श्रेणी के तहत पाकिस्तान को 8.2 करोड़ डालर देने का प्रस्ताव है। 2022 में यह 3.9 करोड़ डालर था।

पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों और कानून प्रवर्तन श्रेणी के तहत 1.7 करोड़ डालर और अंतरराष्ट्रीय सैन्य शिक्षा और प्रशिक्षण श्रेणी के तहत 35 लाख डालर प्राप्त करने का भी प्रस्ताव है। प्रशासन ने यूएस एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य कार्यक्रम श्रेणी के तहत पाकिस्तान को 3.2 करोड़ अमरीकी डालर का प्रस्ताव भी दिया है।

## माइक्रोनेशिया के राष्ट्रपति डेविड पैनुएलो ने चीन से खुद को जान का खतरा बताया

**पालिकिर।** पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित देश माइक्रोनेशिया ने चीन पर अपने नेताओं और अधिकारियों को रिश्वत देकर खरीदने की कोशिश का आरोप लगाया है। माइक्रोनेशिया के राष्ट्रपति डेविन पैनुएलो ने चीन पर राजनीतिक युद्ध की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए चीन से खुद की जान को भी खतरा बताया है।

पैनुएलो का माइक्रोनेशिया के राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल की कोशिश का आरोप लगाते हुए माइक्रोनेशिया को अमेरिका का पुराना सहयोगी करार दिया। पैनुएलो ने माइक्रोनेशिया में चीन




की वर्तमान गतिविधियों के लिए चीन की निंदा भी की। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि माइक्रोनेशिया के समुद्री क्षेत्र में अनुसंधान की आड़ में चीन जासूसी कर रहा था। उन्होंने इसके लिए अमेरिका में मिले जासूसी गुब्बारे का हवाला भी दिया।

माइक्रोनेशिया की कांग्रेस और राज्य के राज्यपालों को लिखे अपने पत्र में पैनुएलो ने खुले तौर पर लिखा है कि चीन उनके देश में राजनीतिक युद्ध की कोशिश कर रहा है। राजनीतिक गठजोड़, आर्थिक उपाय, सार्वजनिक प्रचार, रिश्वतखोरी, मनोवैज्ञानिक युद्ध और ब्लैकमेल जैसी गुप्त गतिविधियां शामिल हैं। पत्र में चीन के स्थान पर ताइवान से रिश्तों में मजबूती की बात कहते हुए जानकारी दी है कि उन्होंने इस साल फरवरी में ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने जोसेफ वू को बताया था कि वह चीन की बजाय उन्हें समर्थन देने के लिए राजनयिक संबंधों को बदल सकते हैं। इसके बदले में ताइवान ने माइक्रोनेशिया को 50 मिलियन डॉलर के इंजेक्शन देने पर सहमति जताई है। साथ ही माइक्रोनेशिया को वार्षिक 15 मिलियन डॉलर के सहायता पैकेज की जानकारी भी दी है।

## ली कियांग बने चीन के नए प्रधानमंत्री, जिनपिंग के करीबी नेताओं में है शुमार

**बीजिंग।** चीन की राजनीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। लगातार 10 साल से प्रधानमंत्री पद संभाल रहे 67 वर्षीय ली केकियांग औपराचिक रूप से सेवानिवृत हो रहे हैं। उनकी जगह 63 वर्षीय ली कियांग की चीन के नए प्रधानमंत्री के तौर पर नियुक्ति हुई है। केकिंयांग की अध्यक्षता वाली वर्तमान कैबिनेट की जगह अब कियांग के नेतृत्व वाली नई केंद्रीय कैबिनेट 'स्टेट काउंसिल' चीनी संसद के वार्षिक सत्र (नेशनल पीपुल्स कांग्रेस) का कार्यभार संभालेगी।

**केकियांग के सत्र पर लगा विराम**

साल 2013 में केकियांग ने प्रधानमंत्री का पदभार संभाला था। प्रधानमंत्री राज्य परिषद और केंद्रीय मंत्रिमंडल की अध्यक्षता करते हैं। हालांकि उनके कार्यकाल के दौरान शी जिनपिंग ने उनकी शक्तियों पर कई सारे अंकुश



लगाए थे। जिनपिंग ने उन्हें दरकिनार कर अपने सहयोगियों को उनके ऊपर महत्वपूर्ण पदों पर बिठा दिया था। कल केकिंयांग के कार्यभार का आखिरी दिन है।

**नए कैबिनेट पदभार संभालेंगे कियांग**-ली कियांग चीन के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। देश के प्रधानमंत्री के साथ पूरा कैबिनेट का पुन्ननिर्माण होने वाला है। संसद सत्र के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग को छोड़कर सभी शीर्ष अधिकारियों और मंत्रियों को बदला जाएगा। 63 वर्षीय कियांग राष्ट्रपति शी के करीबी सहयोगी हैं, जिन्हें अक्टूबर में आयोजित सीपीसी कांग्रेस में अभूतपूर्व तीसरे पांच साल के कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री चुना गया है।

**जिनपिंग के करीबी हैं कियांग**-63 वर्षीय ली कियांग को जिनपिंग का करीबी माना जाता है। उन्हें जिनपिंग के इंटरनल सर्कल में एक व्यापार-समर्थक राजनेता कहा जाता है। नई सात सदस्यीय स्थायी समिति में शी के बाद ली कियांग दूसरे स्थान पर हैं। किन पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता थे और बाद में उपमंत्री के पद तक पहुंचे। वह जिनपिंग के साथ विदेश यात्राओं पर भी जाते रहे हैं।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया विशेष संबंध करते हैं साझा: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया एक विशेष संबंध साझा करते हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज की भारत यात्रा, इसे दशार्ती है। ऑस्ट्रेलिया के व्यापार एवं पर्यटन मंत्री डॉन फैरेल के साथ भारत-ऑस्ट्रेलिया 18वें संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग पर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कही।

पीयूष गोयल ने शनिवार को यहां आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की अध्यक्षता के तहत जी-20 में दोनों देश ने इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क, डब्ल्यूटीओ और क्वाड जैसे कई बहुपक्षीय मसलों पर चर्चा की है। उन्होंने आगे कहा कि आज डॉन फैरेल और मैंने 18वें भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग बैठक का समापन किया है, जिसमें बहुत सारे विषयों पर चर्चा की गई। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत अगले साल में सौ अरब डॉलर के व्यापार का लक्ष्य रखेंगे। फिलहाल 30 अरब डॉलर के व्यापार से दोनों देश संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया सरकार के पास व्यापार और जनता के स्तर पर कुछ महत्वपूर्ण प्रतिभाएं हैं। दोनों देश मिलकर विश्व में बहुत बड़ा अंतर ला सकते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया कानून के शासन और पारदर्शी प्रणालियों समेत लोकतांत्रिक मूल्यों को साझा मानते हैं और दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं। गोयल ने कहा कि दोनों देश नवाचार, रक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, शिक्षा और ऊर्जा प्रणालियों में विजय के अवसरों से लाभ उठाने की अपेक्षा कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि एक-दूसरे की क्षमताओं को बढ़ावा देने पर आपसी हितों और विकास के लिए विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करेंगे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।